

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ खुद को चुनने में कभी देर...

नीट परीक्षा से 72 घंटे पहले... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 18 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 101, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### भारत में एक हफ्ते के बैन पर भड़का टेलीग्राम, सरकार के एक्शन को बताया पूरी तरह गलत

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने देश में लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर एक हफ्ते के लिए पूरी तरह से रोक लगा दी है. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के आदेश के अनुसार, यह प्रतिबंध 22 जून 2026 तक लागू रहेगा. इसके



साथ ही सरकार ने टेलीग्राम को आदेश दिया है कि वह 30 जून 2026 तक मैसेज एडिट करने वाले फीचर को भी बंद रखे. यह कड़ा फैसला 21 जून को होने वाली नीट (यूजी) 2026 की दोबारा परीक्षा को सुरक्षित रखने और नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है.

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने जांच में पाया कि टेलीग्राम के 'मैसेज एडिट' फीचर का गलत इस्तेमाल करके बड़ा धोखा किया जा रहा था. आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर प्रो. वी. कामकोटी ने एक वीडियो के जरिए समझाया कि यह फजीर्वाड़ा कैसे होता है.

माफिया परीक्षा से एक-दो दिन पहले टेलीग्राम चैनल पर कोई भी साधारण पीडीएफ फाइल अपलोड कर देते हैं. इससे उस मैसेज पर परीक्षा के पहले की तारीख और समय (टाइमस्टैम्प) दर्ज हो जाता है. परीक्षा खत्म होने के बाद, जब असली प्रश्नपत्र बाहर आता है, तो वे 'एडिट' फीचर का उपयोग करके पुरानी फाइल की जगह असली प्रश्नपत्र अपलोड कर देते हैं. देखने वाले को लगता है कि यह पेपर परीक्षा से पहले ही लीक हो गया था. इस तरह छात्रों को झांसा देकर भविष्य के पेपर के नाम पर लाखों रुपये ठगे जा रहे थे। व्हाट्सएप जैसे ऐप्स में मैसेज एडिट करने पर फाइल या कैप्शन नहीं बदला जा सकता, लेकिन टेलीग्राम पर पूरी फाइल बदली जा सकती है, जिससे यह धोखाधड़ी आसान हो गई थी। इस बैन के बाद टेलीग्राम और भारत सरकार के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है. टेलीग्राम के मालिक पावेल डुरोव ने इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुरू हुआ कार्गो ऑपरेशन, व्यापार और लॉजिस्टिक्स को मिलेगी रफ्तार

**नईदिल्ली/नोएडा(आरएनएस)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज अपनी पहली कार्गो फ्लाइट संभालकर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। यह कार्गो विमान घरेलू रूट पर संचालित हुआ। कुछ दिन पहले ही एयरपोर्ट ने व्यावसायिक यात्री उड़ानों की शुरूआत की थी। अब कार्गो सेवाएं शुरू होने के बाद यह परियोजना उत्तर भारत के एक बड़े विमानन और लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे क्षेत्र में व्यापार और माल परिवहन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को घरेलू, अंतरराष्ट्रीय और एक्सप्रेस कार्गो सेवाओं के लिए विकसित किया गया है। एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधा सड़क संपर्क मिला है, जिससे ट्रकों के जरिए सामान की आवाजाही आसान और तेज होगी। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि इसका आधुनिक ढांचा तेज, भरोसेमंद और बेहतर कार्गो संचालन के लिए तैयार किया गया है। इससे उत्तर भारत में




उद्योग, ई-कॉमर्स और सप्लाई चेन को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

एयरपोर्ट की कार्गो सुविधाओं को एयर इंडिया सैट्स ने विकसित किया है। शुरूआती चरण में यहां हर साल दो लाख मीट्रिक टन कार्गो संभालने की क्षमता है, जिसे आगे बढ़ाकर 15 लाख टन तक करने की योजना है। यहां 22,000 वर्ग मीटर का वेयरहाउस, दो समर्पित फ्रेटर बे और 24 घंटे संचालन की सुविधा उपलब्ध है। डिजिटल ट्रैकिंग, पेपरलेस डॉक्यूमेंटेशन और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली भी यहां स्थापित की गई है।

इस सप्ताह की शुरूआत में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी पहली व्यावसायिक यात्री उड़ान का भी स्वागत किया था। लखनऊ से आई इंडिगो की फ्लाइट यहां उतरने वाली पहली कमर्शियल उड़ान बनी थी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को इस एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अब कार्गो सेवाएं शुरू होने के बाद जेवर एयरपोर्ट का महत्व और बढ़ गया है ।

# पीएम मोदी ने ट्रंप के समक्ष भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया, समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर चिंता जताई

**एवियन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी7 नेताओं को संबोधित करते हुए हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य हमले में भारतीय नाविकों की दुखद मौत पर चिंता जताई. इस दौरान उनके बगल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी बैठे थे.

होर्मुज जलडमरूमध्य में अस्थिरता के गंभीर इंसानी और आर्थिक नुकसान पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार रास्तों की सुरक्षा की जोरदार वकालत की. पीएम मोदी ने कहा, हम पश्चिम एशिया में शांति की कोशिशों में हुई तरक्की का स्वागत करते हैं. इस लड़ाई से इस इलाके में हमारे दोस्त देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है. होर्मुज



जलडमरूमध्य के जरिए समुद्री व्यापार में रुकावटों ने ग्लोबल इकॉनमी पर बुरा असर डाला है। ग्लोबल समुद्री समुदाय के प्रति भारत के कमिटमेंट पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा, कई भारतीय आम लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है. नाविकों की सुरक्षा जो ग्लोबल समुद्री व्यापार के जरिए देशों को जोड़ते हैं, हमारी जिम्मेदारी है.

फ्रांस के एवियन में नई पार्टनरशिप बनाना और इंटरनेशनल सॉलिडैरिटी को फिर से बनाना पर फोकस्ड हाई-लेवल सेशन में बोलते हुए, उन्होंने कहा, हमें यह पक्का करना होगा कि समुद्री रास्ते सुरक्षित रहें और नाविक बिना किसी डर के अपना काम कर सकें। प्रधानमंत्री का यह जरूरी दखल जी7 देशों के नेताओं के सामने वेस्ट एशिया में तनाव के बीच हुआ, जिसने ग्लोबल एनर्जी और कमर्शियल कार्गो के एक बड़े हिस्से को हैंडल करने वाले जरूरी शिपिंग लेन को खतरे में डाल दिया है। होर्मुज खाड़ी और दुनिया का एक अहम समुद्री चोकपॉइंट है, जो फारस की खाड़ी को अंतरराष्ट्रीय पानी से जोड़ता है. यह बयान ओमान की खाड़ी में हाल ही में हुई एक समुद्री घटना के बाद आया है, जिसमें अमेरिकी सेना द्वारा पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर सेटेबेलो को निशाना बनाने के बाद तीन भारतीय नागरिकों की जान चली गई थी।

## 20 जून को ओडिशा दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी, संताली पवित्र स्थल पर करेंगे पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 20 जून को ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित संताली समुदाय के परम



पूजनीय और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल 'गोसानी' में विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस विशिष्ट कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल के पैतृक गांव पहाड़पुर का भी दौरा करेंगे। यह अवसर इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि इसी दिन राष्ट्रपति का 68वां जन्मदिवस भी है, जिसे यादगार बनाने के लिए दोनों शीर्ष नेता वहां आयोजित होने वाले पारंपरिक संताली मांगलिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 20 जून की दोपहर के वक्त प्रधानमंत्री मोदी का विशेष विमान पहाड़पुर में बने अस्थाई हेलीपैड पर लैंड करेगा, जहां से वे सीधे गोसानी स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू का इस वीवीआईपी दौरे से ठीक एक दिन पहले यानी 19 जून को ही अपने गृह क्षेत्र रायरांगपुर पहुंचने का कार्यक्रम तय किया गया है।

## जयराम रमेश का केंद्र सरकार पर निशाना, बोले- विपक्ष को कमजोर करने के लिए चलाया जा रहा सुनियोजित अभियान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को

**▶▶ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हाल के दिनों में विभिन्न विपक्षी दलों के कुछ नेता और जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं**

कमजोर करने और भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए सुनियोजित राजनीतिक अभियान चलाया जा रहा है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, केंद्रीय गृह मंत्री लगातार विपक्षी दलों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब उस राजनीतिक



झटके की भरपाई करने के लिए किया जा रहा है, जिसका सामना उन्हें 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में करना पड़ा था, जब कथित तौर पर परिसीमन विधेयक को पारित कराने में सफलता नहीं मिली थी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हाल के दिनों में विभिन्न विपक्षी दलों के कुछ नेता और जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जबकि उनमें से कई केवल दो वर्ष पहले भाजपा-विरोधी एजेंडे के आधार पर जनता द्वारा चुने गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे राजनीतिक घटनाक्रमों के पीछे बड़े स्तर पर प्रलोभन और दबाव की राजनीति काम कर रही है। जयराम रमेश ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा चलाया जा रहा अभियान पूरी तरह योजनाबद्ध और संसाधनों से संपन्न है। उन्होंने इसकी तुलना म्यूचुअल फंड उद्योग से करते हुए कहा कि जिस तरह निवेशकों की जरूरतों के अनुसार अलग-अलग योजनाएं और उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं, उसी प्रकार राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए अलग-अलग तरह के प्रलोभनों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में राजनीतिक नैतिकता की लगातार अनदेखी हो रही है। कांग्रेस नेता के अनुसार, लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने वाली ऐसी राजनीति अंततः देश के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।

## डिप्टी सीएम का सनसनीखेज दावा, सपा के 26 सांसद संपर्क में

**लखनऊ ।** महाराष्ट्र में शिवसेना और पश्चिम बंगाल में में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, उत्तर प्रदेश की राजनीति भी



गरमा गई है। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने चौंकाने वाला दावा किया है कि समाजवादी पार्टी के 25 से 26 सांसद अभी पाला बदलने और पार्टी तोड़ने को तैयार हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब बीजेपी नेताओं का दावा है कि ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे की पार्टियों में फूट के बाद अब अखिलेश यादव की पार्टी की बारी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने साफ कहा कि बीजेपी अभी खुद से एसपी को नहीं तोड़ रही है। 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों तक, ये नेता आपसी मतभेदों के कारण अपने-आप पार्टी छोड़ देंगे। इससे पहले, राज्य सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा था कि समाजवादी पार्टी में बड़ी फूट पड़ने वाली है। राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र भी सौंपा है। माइनिंग और गोमती रिवर फ्रंट घोटालों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा यूपी इनके मास्टरमाइंड को जानता है और कानूनी कार्रवाई के डर से पूरी सपा, भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार है।

## अमेरिका का दोहरा झटका: कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया,पैसिफिक कमान से इंडो को हटाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका ने फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बीच दोहरा




झटका दिया है। अमेरिकी युद्ध विभाग ने यूएस इंडो-पैसिफिक कमान (यूएसइंडोपाकॉम) को उसके आधिकारिक तौर पर अपने मूल नाम यूएस पैसिफिक कमान (यूएसपीएकॉम) करने की घोषणा की है। इसके अलावा, कमान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने परिचालन क्षेत्र के संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर भारत का गलत नक्शा प्रदर्शित किया है, जिसमें कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है।

कमान ने एक्स पर नया लोगो साझा कर लिखा कि युद्ध विभाग ने यूएस पैसिफिक कमान का नाम फिर से बहाल कर यूएस पैसिफिक कमान किया है। कमान ने बताया कि नाम बदलने के बाद भी यूएसपीएकॉम की जिम्मेदारी अमेरिका के पश्चिमी तट के समुद्री इलाकों से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक बिल्कुल वैसी ही रहेगी। कमान का मूल मिशन और क्षेत्रीय सहयोगियों-साझेदारों के साथ मिलकर स्वतंत्र और खुला क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता में कोई बदलाव नहीं है।

## बिहार कैबिनेट का बड़ा फैसला: निवेश को रफ्तार, नियोजित शहरी विकास को मिलेगी नई उड़ान

**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि आज आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों में भूमि क्रय-विक्रय एवं हस्तांतरण पर अधिरोपित रोक के कारण उत्पन्न परिस्थितियों तथा

**▶▶ निवेशकों को भूमि क्रय अथवा लीज पर प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।**

भू-स्वामियों की तात्कालिक एवं आकस्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अधिसूचित बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 के प्रावधानों के अनुरूप बिहार राज्य आवास बोर्ड को भूमि क्रय के लिए अधिकृत करने, सरकारी प्राधिकारों को आवश्यकतानुसार भू-अर्जन करने तथा राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद द्वारा अनुमोदित निवेश परियोजनाओं के लिए संबंधित निवेशकों को भूमि क्रय अथवा लीज पर प्राप्त करने



की अनुमति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी तथा मंत्रिपरिषद के सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मंत्रिपरिषद के सामूहिक संकल्प के परिणामस्वरूप राज्य में नियोजित शहरी विकास, आधुनिक आधारभूत संरचना निर्माण तथा निवेश को नई गति मिलेगी। मिश्रा ने कहा कि इस निर्णय से ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों के भू-स्वामियों को अपनी तात्कालिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकेगी।

मंत्री ने बताया कि बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 के अनुसार भूमि स्वामियों को उनकी शहरी क्षेत्र स्थित भूमि के लिए बाजार मूल्य अथवा सर्किल रेट जो भी अधिक हो, उसके दो गुणे मूल्य के समतुल्य राशि प्रदान की जाएगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की भूमि के लिए बाजार मूल्य अथवा सर्किल रेट जो भी अधिक हो, उसके चार गुणे मूल्य के समतुल्य राशि देय होगी। इसके अतिरिक्त निर्धारित राशि पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रतिफल प्रोत्साहन के रूप में भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि स्वामियों की आकस्मिक आवश्यकताओं के समाधान हेतु यह व्यवस्था की गई है कि यदि किसी रैयत को भूमि विक्रय की आवश्यकता हो तो बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा भूमि का क्रय किया जा सकेगा। इसी प्रकार राज्य अथवा केंद्र सरकार की परियोजनाओं के लिए संबंधित प्राधिकार द्वारा भू-अर्जन किया जा सकेगा तथा निजी निवेश परियोजनाओं के लिए SIPB द्वारा अनुमोदित निवेशक सीधे रैयतों से भूमि क्रय अथवा लीज पर प्राप्त कर सकेंगे।

**मिशन रोजगार** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को सीएम योगी ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र

# ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता: मुख्यमंत्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**
**ममदूद आलम वारसी**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के

**▶▶ पुलिसकर्मियों को आत्म अनुशासन एवं जनसेवा पर विशेष जोर देने की सीख दी सीएम योगी ने**

**▶▶ 2017 के पहले आईपीएस ही असुरक्षित थे तो नागरिक, महिला, व्यापारी कैसे सुरक्षित होते: सीएम योगी**

तहत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को बुधवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं और पारदर्शी भर्ती को ससमय पूरा करने के लिए भर्ती बोर्ड को धन्यवाद दिया। सीएम ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री मोदी जी के ह्यविकसित भारतह्न विजन को बढ़ाने के सारथी हैं। इसके लिए आत्म अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है और आप इसे बनाए रखेंगे। ड्यूटी के प्रति सजगता और हर कार्य में गंभीरता होनी चाहिए। ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता है। ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे हंसी का पात्र बनना पड़े। सीएम ने विश्वास जताया कि सभी नवचयनित अभ्यर्थी यूपी पुलिस की आधुनिक तकनीक एवं सुरक्षा मानकों आदि की जानकारी के साथ टीम भावना, पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ अच्छा परफॉर्मेंस देंगे। यूपी पुलिस ने देश में बनाई नई पहचान सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस ने जनसेवा को केंद्र







में रखा तो देश में निखर गई। अब कोई यूपी पुलिस पर अंगुली नहीं उठाता। कालचक्र की परवाह किए बिना व्यक्ति अनिर्णय का शिकार होता है और अंततः बिखर जाता है। यूपी पुलिस की नई पहचान सिर्फ संख्या बल के आधार पर नहीं है। पीएम मोदी की अपेक्षा पर सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूपी पुलिस ने 9 साल में जिस त्वरित गति से काम किया, वह मॉडल पुलिसिंग का उदाहरण बना है। नवचयनित कार्मिकों की स्मार्ट पुलिस व डिजिटल वॉरियर्स के रूप में बड़ी भूमिका होने जा रही है।

**अभिभावकों से पूछिएगा- 2017 के पहले कैसा था यूपी**

सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों से 2017 के पहले के यूपी की चर्चा की और कहा कि उस समय आप सभी माता-पिता पर आश्रित रहे होंगे। उस उम्र में बहुत चिंता भी नहीं होती है, परंतु 10 वर्ष पहले पत्र-पत्रिकाओं, अखबारों की कतरनों का अवलोकन कीजिए, अभिभावकों व गुरुजनों से पूछिए कि 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश कैसा था, कानून व्यवस्था कैसी थी? प्रदेश के बारे में, पुलिस के बारे में जनता की धारणा क्या थी? औसतन हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। उत्सव के पहले उपद्रव होता था, महीनों कर्फ्यू लगता था, लेकिन अब हर किसी को सुरक्षा मिल रही है। 9 वर्ष से यूपी में कहीं कर्फ्यू नहीं लगा।

# चोरी की घटना में वांछित हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** थाना सिकन्द्राबाद पुलिस सन्तपुरा बम्बे की पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी मोटरसाइकिल पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया

**जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक, लैपटॉप बैग व बैडशीट, 01 चांदी का सिक्का एवं 25,000 रुपए नकदी बरामद**

गया, नही रुका तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को तेजी से मोड़कर नगला कालां की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया तो कुछ दूरी पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई तभी अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान विनोद उर्फ कालिया उर्फ कालू पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम सिरोधन थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक, लैपटॉप बैग व बैडशीट, 01 चांदी का सिक्का एवं 25,000/- रुपए नकदी बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में लूट/चोरी जैसी घटनाओं से सम्बन्धित करीब 07 अभियोग पंजीकृत है। उक्त बदमाश द्वारा दिनांक 12/13.05.2026 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत SDM कॉलोनी के एक बन्द मकान में चोरी की घटना कारित की गई थी। इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर दिनांक 19.05.2026 को मु0अ0सं0-461/26 धारा 305ए/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।





गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- 01.विनोद उर्फ कालिया उर्फ कालू पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम सिरोधन थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर

बरामदगी- 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस। 01 स्पलैन्डर बाइक (बिना नम्बर प्लेट) 01 लैपटॉप बैग व 01 बैडशीट, 01 चांदी का सिक्का, 25,000/- रुपए, अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# डूडा विभाग का कर्मचारी बनकर भाजपा नेता से ठगी का प्रयास,जांच में जुटी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के मौहल्ला कोट कलां निवासी भाजपा नेता रामकिशन लोधी पुत्र श्याम बाबू लोधी के मोबाइल पर मंगलवार की दोपहर एक अज्ञात के मोबाइल नम्बर 9457.से कॉल आई फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को डूडा विभाग का कर्मचारी बताकर दावा किया कि किसी मनोज चौधरी नामक व्यक्ति के प्रधानमंत्री आवास योजना या सम्बन्धित योजना के पैसे स्वीकृत हो गए है फोन पे के जरिए मांगी रकम मना करने पर दी गालियां। कॉल करने वाले की बातों पर जब रामकिशन लोधी को संदेह हुआ तो उन्होंने प्रतिक्रिया को और समझने के लिए पूछा कि इस योजना का लाभ कैसे मिलता है। इस पर कथित कर्मचारी ने उन्हें झांसे में लेते हुए फोन पे के माध्यम से तुरन्त पैसे ट्रांसफर करने को कहा जब भाजपा नेता ने पैसे भेजने से साफ इनकार कर दिया। तो ठग अपनी औकात पर आ गया और उसने भाजपा नेता रामकिशन लोधी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने बताया है कि तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है ।



# चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने माल्यार्पण कर वृक्षारोपण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भूड़ चौराहे पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विधायक लक्ष्मी सिंह के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के किसान हित, ग्रामीण विकास और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके सिद्धांत और मूल्य आज भी देशवासियों को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।



इस अवसर पर बुलंदशहर के सांसद डॉ. भोला सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अतुल तेवतिया सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र एवं समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान को नमन,संगत ने छकाया लंगर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** सिख पंथ के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरुपर्व पर नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में स्थानीय संगत की ओर से श्रद्धा, सेवा

**गुरुद्वारा साहिब में दिनभर चला मीठे शरबत और चने के प्रसाद का वितरण**

और समर्पण के साथ लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों को मीठा शरबत एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया। गुरु साहिब के बलिदान को स्मरण करते हुए संगत ने अरदास कर मानवता की भलाई और विश्व शांति की कामना की।

शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में सुबह से ही संगत का जुटना शुरू हो गया था। गुरु घर की मयार्दा के अनुरूप महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर सेवा संभाली। किसी ने लंगर की व्यवस्था की तो किसी ने प्रसाद वितरण का दायित्व निभाया। संगत के सदस्यों ने स्वयं बर्तन मांजकर और अन्य व्यवस्थाएं संभालकर सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश की। पूरे दिन श्रद्धालुओं को मीठा शरबत और चने का प्रसाद छकाया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी गुरुपर्व सत्य, त्याग, धैर्य और मानव सेवा का संदेश देता है। गुरु साहिब ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसकी प्रेरणा आज भी समाज को सेवा, सहनशीलता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की शक्ति देती है। संगत ने "सरबत दा भला" की भावना के साथ सभी के सुख, शांति और समृद्धि के लिए अरदास की।



लंगर सेवा में सरदार सुरेंद्र सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, सरदार हरजिंदर सिंह, सरदार पलविंदर सिंह, सरदार मिलकियत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, बीबी हरविंदर कौर, बीबी चरणजीत कौर, बीबी मनजीत कौर, बीबी गुरदीप कौर, बीबी रंजीत कौर, बीबी जसवीर कौर तथा बीबी सतनाम कौर सहित बड़ी संख्या में संगत ने सेवा निभाकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पुरुषोत्तम मास के समापन पर निकली संगीतमय संध्या फेरी, राधे-राधे के जयघोष से गूंजा जहांगीराबाद...

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** पुरुषोत्तम मास के समापन अवसर

- **प्रकाश व्यवस्था और गुब्बारों से सजा पुख्ता बाजार, श्रद्धा और भक्ति के अनूठे संगम का साक्षी बना नगर**
- **हजारों श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ किया नगर भ्रमण, समाजसेवी शिवा विजय ने जेसीबी पर चढ़कर भक्तो पर बरसायें फूल, किया संध्या फेरी का स्वागत**

पर नगर में मंगलवार रात्रि भव्य और संगीतमयी संध्या फेरी निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ हिस्सा लिया। भजन-कीर्तन और राधे-राधे के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

प्रभात फेरी को लेकर कस्बे में विशेष तैयारियां की गई थीं। पुख्ता बाजार को आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। रोशनी से जगमगाते बाजार और श्रद्धालुओं के उत्साह ने दीपोत्सव जैसा दृश्य प्रस्तुत किया। पूरे शहर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

प्रभात फेरी का शुभारंभ पुख्ता बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से विधि-विधान के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं की टोली विमला टॉकीज, शुभकामना बारातघर रोड, न्यू पाठक, अनूपशहर बस स्टैंड और मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए छतरी वाले कुआं हनुमान मंदिर पहुंची, जहां फेरी का समापन हुआ।

मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। मंगल मुखी समाज की ओर से भी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी शिवा विजय ने जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी की शोभा बढ़ाई।



मधुर भजनों से भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु....

प्रभात फेरी के दौरान भजन गायकों ने भगवान के मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राधे-राधे के जयघोष और भक्ति गीतों से नगर की गलियां गूंज उठीं। भजन गायक रसिक निकुंज बिहारी शरण, निकुंज देव, तनुज गोस्वामी, नीरव शर्मा, ध्रुव लाडला, सुमित गोयल, विक्की गोयल, पीयूष गर्ग और शिवम वर्मा सहित अन्य कलाकारों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबोए रखा।

**गोवर्धन पूजा और आतिशबाजी ने बढ़ाई आयोजन की भव्यता....**

इस अवसर पर गोवर्धन पूजा का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं आकर्षक आतिशबाजी ने आयोजन में चार चांद लगा दिए और पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# करोड़ों का निवेश,दो साल से बंद पड़ा एथेनॉल प्लांट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- **28.30 करोड़ रुपये की लागत से विकसित व्यवस्था भी नहीं दिला सकी रफ्तार**
- **पुनर्जीवन की कवायद तेज, शासन स्तर पर हो रहा आर्थिक और तकनीकी अध्ययन**

**जहांगीराबाद।** उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड की जहांगीराबाद चीनी मिल स्थित आसवनी (डिस्टिलरी) इकाई में पिछले करीब दो वर्षों से एथेनॉल उत्पादन बंद है। करोड़ों रुपये की लागत से विकसित यह परियोजना फिलहाल ठप पड़ी है, जबकि इसके पुनः संचालन को लेकर शासन और विभागीय स्तर पर मंथन जारी है। चीनी मिल प्रबंधन को उम्मीद है कि सभी पहलुओं पर सकारात्मक निर्णय होने पर इकाई फिर से उत्पादन शुरू कर सकती है।

मिल सूत्रों के अनुसार आसवनी इकाई की स्थापना वर्ष 2014-15 में की गई थी। हालांकि वर्ष 2017 में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) व्यवस्था न होने के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। इसके बाद क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरणीय मानकों को पूरा करने के उद्देश्य से तत्कालीन प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 28.30 करोड़ रुपये की लागत से बायोकम्पोस्ट आधारित जीरो लिक्विड डिस्चार्ज संयंत्र की स्थापना कराई गई। तत्कालीन गन्ना मंत्री सुरेश राणा द्वारा इसका मिल परिसर में ही उद्घाटन किया गया।इसके बाद आसवनी इकाई का संचालन शुरू हुआ और इसकी उत्पादन क्षमता 20 हजार लीटर एथेनॉल प्रतिदिन निर्धारित की गई।

शुरूआती वर्षों में निजी कंपनियों के माध्यम से संचालन कराया गया, लेकिन समय के साथ उत्पादन लागत बढ़ती चली गई। बी-हैवी शीरे से एथेनॉल उत्पादन पर अधिक खर्च आने, बाजार मूल्य में अपेक्षित लाभ नहीं मिलने और अन्य आर्थिक चुनौतियों के कारण इकाई का संचालन प्रभावित हुआ। कोरोना काल के बाद हालात और बिगड़े तथा अंततः उत्पादन बंद करना पड़ा।

सूत्र बताते हैं कि आसवनी इकाई के बंद होने से चीनी मिल की अतिरिक्त आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत समाप्त हो गया। वहीं, क्षेत्र के किसानों को भी एथेनॉल नीति से मिलने वाले संभावित लाभों पर असर पड़ा। पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी इकाई को पुनः शुरू करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों द्वारा अध्ययन किया जा रहा है।।



चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि आसवनी इकाई के पुनः संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अध्ययन चल रहा है। आर्थिक व्यवहार्यता, तकनीकी आवश्यकताओं और संचालन मॉडल पर विचार किया जा रहा है। अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। एथेनॉल प्लांट के दोबारा शुरू होने की संभावना से किसानों और कर्मचारियों में उम्मीद जगी है। उनका मानना है कि इकाई के पुनः संचालित होने से मिल की आय बढ़ेगी, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और गन्ना आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

**क्यों नहीं चल पाया प्लांट**

बी-हैवी शीरे से एथेनॉल उत्पादन पर बढ़ती लागत, बाजार में मूल्य का दबाव, संचालन खर्च और आर्थिक चुनौतियां आसवनी इकाई के लिए बड़ी बाधा बन गईं। यही कारण रहा कि करोड़ों रुपये के निवेश के बावजूद उत्पादन बंद करना पड़ा। अब इसकी व्यवहार्यता की दोबारा समीक्षा की जा रही है।

# ई-रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में दस्तावेज लेखकों और अधिवक्ताओं ने सब-रजिस्टॉर ऑफिस पर दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही नई ई-रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में प्रदेशव्यापी आह्वान पर शिकारपुर में भी दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं और ई-स्टांप वेंडरों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी उग्र रूप से जारी रहा। आंदोलनकारियों ने सरकार के इस फैसले को काला कानून बताते हुए जमकर नारेबाजी की कामकाज पूरी तरह ठप्प दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शिकारपुर और दी बार एसोसिएशन शिकारपुर के संयुक्त नेतृत्व में सभी अधिवक्ता, लेखक और स्टांप वेंडर सुबह से ही रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्री कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया जिसके कारण सातवें दिन भी रजिस्ट्री का कोई कार्य नहीं हो सका। उन्होंने मांगे पूरी ने होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है। हड़ताल के चलते दूर-दराज से आए बैनामा कराने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और बैनामा कारोबार पूरी तरह से ठप्प रहा रोजी-रोटी पर मंडराया संकट ।



# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया के आवास पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री,हुआ स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौधरी बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया के आवास पर पहुंचे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, सांसद डॉ भोला सिंह, जिला अध्यक्ष विकास चौहान, विधायक लक्ष्मीराज सिंह, विधायक मीनाक्षी सिंह,चेयरमैन शैलेश तेवतिया भी जिला पंचायत के आवास पर पहुंचे। डॉ अंतुल तेवतिया ने पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी का स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए राम मंदिर चढ़ावे की चोरी के सवाल का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि चढ़ावा में चोरी सनातन धर्म की सभ्यता, संस्कृति का अपमान करने का एजेंडा है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी का कोई भी आरोपी छोड़ा नहीं जाएगा। सरकार सजग है, एसआईटी गठित कर दी गई है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इस दौरान कुलदीप मोदी, धर्मेंद्र तेवतिया, प्रवेश तेवतिया, आयुष्मान ठाकुर आदि मौजूद रहे।



**शुभारंभ** — **मंत्री श्री भूपेंद्र चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की**

# केंद्रीय सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुलंदशहर में चार दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** काला आम स्थित गांधी पार्क (राजे बाबू पार्क) में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री भूपेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया।

"सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जन कल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण नीतियों एवं निर्णयों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी वृहद आधारभूत संरचना परियोजनाओं, आध्यात्मिक केंद्रों के विकास, आंतरिक सुरक्षा के सुदृढ़ मॉडल तथा "विकसित उत्तर प्रदेश-2047" की अवधारणा को भी चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है।






प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया है। मंत्री श्री भूपेंद्र चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की। यह चित्र प्रदर्शनी 17 जून से 20 जून 2026 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। मंत्री ने जनपद एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया।

इस अवसर पर सांसद डॉ. भोला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान, विधायक प्रदीप चौधरी, लक्ष्मीराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, मीनाक्षी सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# टूटी शादी के बाद चली गोली! खोड़ा में युवती और उसकी बहन घायल,आरोपी की तलाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कमिश्नरेट थाना खोडा क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में मंगलवार तड़के एक सनसनीखेज गोलीकांड से इलाके में हड़कंप मच गया। एक युवक ने कथित तौर पर युवती को गोली मार दी, जबकि

**पुरानी रिश्तेदारी बनी खूनी वारदात की वजह, पुलिस ने शुरू की सघन कार्रवाई**





उसे बचाने के प्रयास में उसकी बहन भी गोली लगने से घायल हो गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल युवतियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। अधिकारियों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल सामान्य बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 4:30 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जानी पुत्र प्रेमचंद और पीड़ित युवती पहले से एक-दूसरे को जानते थे। करीब एक वर्ष पूर्व दोनों का विवाह भी तय हुआ था, लेकिन किसी कारणवश यह रिश्ता टूट गया था। पुलिस इसी पृष्ठभूमि को घटना का संभावित कारण मानकर जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।पुलिस उपायुक्त नगर,ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से गंभीरता से जांच की जा रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

# संजय नगर में अवैध वेयरहाउस पर जीडीए की कार्रवाई, जेप्टो स्टोर ध्वस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सोमवार को संजय नगर सेक्टर-23 में अवैध रूप से संचालित एक वेयरहाउस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। इस वेयरहाउस में त्वरित डिलीवरी कंपनी जीप्टो का स्टोर संचालित किया जा रहा था। जीडीए के प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान भवन संख्या एल-343 के सामने करीब 549 वर्गमीटर क्षेत्र में बने वेयरहाउस पर बुलडोजर चलाया गया। प्राधिकरण के अनुसार, उक्त निर्माण श्री शैलेन्द्र कुमार द्वारा बिना स्वीकृति के कराया गया था और परिसर में जेप्टो का स्टोर संचालित हो रहा था।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अवैध निर्माण के संबंध में पहले ही निर्माणकर्ता और कंपनी को नोटिस जारी कर गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए गए थे। जांच में पाया गया कि भवन निर्माण में अत्यधिक ज्वलनशील फोम सामग्री का उपयोग किया गया था। साथ ही अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और मुख्य अग्निशमन अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी उपलब्ध नहीं था। निदेशों का पालन न किए जाने पर जीडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नवादा में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सिंभावली ब्लॉक के गांव नवादा में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षिका निकिता सिंह एवं योग शिक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. सुमित कुमार तथा ग्राम प्रधान दीपक की विशेष उपस्थिति रही।

उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक बनाने की एक प्रभावी विधा है।

योग सत्र के दौरान सैकड़ों प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता और रुचि का परिचय दिया।



योग शिक्षिका निकिता सिंह एवं योग शिक्षक अमित कुमार ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्योग जीवन जीने की एक कला है, जो हमें संतुलन, शांति और सकारात्मकता का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के महत्व से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश देना था। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

# मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील, सीओ दीपक कुमार ने ताज़िया कमेटी व गणमान्य नागरिको के साथ की बैठक

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से नवांगत क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक कुमार ने कोतवाली परिसर में ताज़िया कमेटी के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की।

क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार ने आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण

**सभी ताजिए निर्धारित मानकों एवं प्रशासन द्वारा तय की गई ऊंचाई के अनुसार ही बनाए जाएं, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो: क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार**

में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुलावठी थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ दीपक कुमार ने सभी लोगों से मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी ताजिए निर्धारित मानकों एवं प्रशासन द्वारा तय की गई ऊंचाई के अनुसार ही बनाए जाएं, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही मोहर्रम के जुलूस केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं।

उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों एवं भ्रामक संदेशों से सावधान रहने का आग्रह किया। किसी भी संदिग्ध सूचना या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। सीओ दीपक कुमार ने स्पष्ट कहा कि जुलूस या अन्य आयोजनों के दौरान यदि कोई व्यक्ति कानून-व्यवस्था भंग करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा शांति व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

बैठक में कस्बा इंचार्ज संजेश कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा के नगर अध्यक्ष राजीव सैनी, पुर्व नगर अध्यक्ष अनिल कुमार, धर्मेन्द्र तेवतिया, इकरामुददीन, राहुल सैनी, इस्लाम मेवाती सहित नगर के गणमान्य नागरिकों, ताजियादारों एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।





**जवाब तलाशता समाज** "हरमीत प्रकरण समेत कई घटनाओं ने उठाए पुराने सवाल गायब आभूषण, बढ़ती मौतें और रहस्य की अनसुलझी परतें"

# मुरादनगर की गंगनहर-मौतों के पीछे का रहस्य अभी बाकी है, लगातार मौतों से घिरी गंगनहर- जवाब तलाशता समाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यह एक वास्तविक कहानी 2003 की घटना का स्वरुप है जहां गंग नहर छोटे हरिद्वार गर्मी बढ़ते ही दिल्ली से सटे गाजियाबाद के मुरादनगर स्थित गंगनहर क्षेत्र में एक बार फिर लगातार हो रही डूबने की घटनाओं और मौतों ने पूरे इलाके को चिंता और आशंकाओं के माहौल में ला खड़ा किया है। गर्मी बढ़ते ही बड़ी संख्या में लोग गंगनहर में स्नान और तैराकी के लिए पहुंचते हैं, लेकिन पिछले लगभग एक महीने में सामने आई मौतों की घटनाओं ने वर्षों पुराने उन सवालों को फिर जीवित कर दिया है, जिनका उत्तर आज तक स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ सका। स्थानीय लोगों के अनुसार हाल के दिनों में लगभग 13 लोगों की मौतों ने पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण पैदा कर दिया है। इन्हीं घटनाओं को लेकर गाजियाबाद के शहर




विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल सामान्य हादसों का विषय नहीं रह गया है। लगातार बढ़ती घटनाओं ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर समस्या केवल लापरवाही, प्रशासनिक कमी और सुरक्षा इंतजामों की कमजोरी की है या इसके पीछे कोई और कारण भी हो सकता है जिसकी गंभीरता से जांच आवश्यक है।

**पुराने मामलों ने बढ़ाया संदेह**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले भी गंगनहर में अचानक डूबने की घटनाएं तेजी से बढ़ गई थीं। उस समय भी कई महिला और पुरुष नहर में नहाने के दौरान डूब गए थे। कई मामलों में परिजनों ने आरोप लगाया था कि जब शव बरामद हुए तो उनके शरीर से सोने के आभूषण गायब थे। महिलाओं की चेन, कानों के कुंडल तथा पुरुषों की अंगूठियां और चेन तक बरामद नहीं हुई थीं।

कुछ बच निकले लोगों ने उस समय यह भी दावा किया था कि नहाते समय उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे किसी ने उनके पैर पकड़कर पानी के भीतर खींचने का प्रयास किया हो। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि कभी नहीं हो सकी, लेकिन लगातार सामने आती घटनाओं ने स्थानीय स्तर पर अनेक तरह की आशंकाओं को जन्म दिया।

# सीएमडी के शिक्षार्थियों का पांच दिवसीय थाईलैंड का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान सेंटर आफ मैनेजमेंट डैवलपमेंट (सीएमडी) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय



अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने थाईलैंड के विभिन्न पर्यटन, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कर वैश्विक संस्कृति, पर्यटन प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जेम्स गैलरी, बिग बुद्ध मंदिर, बुद्धा माउंटेन, कोरल द्वीप, स्लीप संग्रहालय, टाइगर टोपिया, हर्ब एवं हर्बल गैलरी तथा सर्प संग्रहालय सहित कई प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें स्थानीय संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों, पर्यटन उद्योग, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और अंतरराष्ट्रीय आतिथ्य सेवाओं के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला।यात्रा के समापन पर विद्यार्थियों ने संस्थान के अध्यक्ष डॉ डीके मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने तथा नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने बताया कि यह भ्रमण उनके शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। संस्थान प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सफल एवं अनुशासित सहभागिता के लिए बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस भ्रमण से प्राप्त अनुभव उनके भविष्य के शैक्षणिक तथा व्यावसायिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# गाजियाबाद में संघ शिक्षार्थियों का भव्य पथ संचलन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का दिखा अद्भुत संगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मेरठ प्रांत द्वारा आयोजित 21 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य) के अंतर्गत मंगलवार को नेहरू नगर, गाजियाबाद में भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। कदम-से-कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवकों और घोष (बैंड) की मधुर ध्वनियों ने पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक अनुशासन के वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया।

पथ संचलन के दौरान मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर बड़ी संख्या में नागरिक, मातृशक्ति तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा भारत माता के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान रहा।

संघ शिक्षा वर्ग में मेरठ प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से आए 530 प्रथम वर्ष शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जबकि 109 शिक्षार्थी घोष वर्ग में विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर की व्यवस्थाओं के संचालन हेतु 200 से अधिक कार्यकर्ता निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं।



संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि संघ शिक्षा वर्ग केवल शारीरिक प्रशिक्षण का केंद्र नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक नेतृत्व विकसित करने का सशक्त माध्यम है। 6 जून 2026 से प्रारंभ इस प्रशिक्षण वर्ग में स्वयंसेवकों को अनुशासन, समयबद्धता, सामूहिक जीवन, सेवा भावना, चरित्र निर्माण और वैचारिक प्रखरता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**21 जून को होगा भव्य प्रकट समारोह**

21 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर 21 जून 2026 (रविवार) सायं 5:30 बजे वीवीआईपी नेहरू स्टेडियम, नेहरू नगर (यशोदा हॉस्पिटल के सामने), गाजियाबाद में एक विशाल सार्वजनिक प्रकट समारोह आयोजित किया जाएगा।

समारोह में शिक्षार्थी स्वयंसेवक शिविर के दौरान सीखे गए विभिन्न शारीरिक कौशल, समता, योग तथा व्यूह रचना का सार्वजनिक प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल अनिल तिवारी (विशिष्ट सेवा मेडल, वायु सेवा मेडल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी मुख्य वक्ता के रूप में स्वयंसेवकों एवं समाज को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# डेढ़ साल पुरानी KTM बाइक चोरी का खुलासा, एक शातिर गिरफ्तार, बाल अपचारी भी पुलिस हिरासत में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना अंकुर विहार पुलिस ने वाहन चोरी के एक पुराने मामले का सफल खुलासा करते हुए चोरी की गई KTM मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके साथी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, जनवरी 2025 में डीएलएफ अंकुर विहार क्षेत्र की एक फ्लैट पार्किंग से ढळट बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। लगातार प्रयासों के बाद 17 जून 2026 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद अब्बास को गिरफ्तार कर लिया तथा एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया गया।




पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मिलकर बाइक चोरी की थी और उसे छिपाकर रखा हुआ था। आरोपी चोरी की बाइक को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस की चेकिंग के दौरान पकड़ लिए गए। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई खत्म मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। इस सफलता को अंकुर विहार पुलिस की सतर्कता और प्रभावी कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है।

थाना अंकुर विहार पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है, वहीं क्षेत्रवासियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ है।

# पार्किंग की आड़ में अवैध वसूली करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही, समिति द्वारा निर्धारित शुल्क ही होगा मान्य: नगर आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में पार्किंग प्रबंध समिति की पहली बैठक हुई जिसमें शहर में चल रही अवैध पार्किंग तथा पार्किंग की आड़ में मनचाहे शुल्क वसूलने को लेकर चर्चा हुई इसके अलावा शहर को जाम मुक्त बनाने और पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए भी योजना बनाई गई, बैठक में उपस्थित ए डी एम सिटी विकास कश्यप, नगर निगम के प्रभारी पार्किंग डॉक्टर अनुज, विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप, पुलिस विभाग से ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशीष, पार्षद पवन गौतम, समस्त जोन के जोनल प्रभारी व यातायात समिति के सदस्यों से पार्किंग हेतु स्थान का चयन करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा कहा गया सार्वजनिक स्थानों पर जहां अवस्थित रूप से गाड़ियां पार्क होती है लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है कई स्थानों से अवैध पार्किंग शुल्क वसूलने की शिकायत भी प्राप्त होती है। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए पार्किंग प्रबंध समिति द्वारा बैठक की गई समिति के सभी सदस्यों द्वारा शहर में छोटी-छोटी पार्किंग के लिए भी स्थान का चयन किया जाएगा सूची समिति के समक्ष रखी जाएगी जिसके आधार पर पार्किंग को व्यवस्थित किया जाएगा अवैध रूप से वसूली करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी समिति द्वारा



पार्किंग हेतु नगर निगम में वर्तमान में प्रचलित दरें

| वाहन | 06 घण्टे हेतु दरे | 12 घण्टे हेतु दरे | 24 घण्टे हेतु दरे |
|---|---|---|---|
| दो पहियाँ वाहन | 20 | 40 | 80 |
| चार पहियाँ वाहन | 40 | 80 | 160 |

पार्किंग हेतु नियमावली में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों हेतु निर्धारित की गयी न्यूनतम दरों का विवरण

| वाहन | प्रथम 02 घण्टे हेतु दरे | क्रमवार एक घण्टे के लिए | 24 घण्टे हेतु दरे |
|---|---|---|---|
| दो पहियाँ वाहन | 15 | 07 | 57 |
| चार पहियाँ वाहन | 30 | 05 | 120 |

13

निर्धारित शुल्क ही पार्किंग हेतु वसूले जाएंगे निर्देश दिए गए '

नगर निगम वर्तमान में 16 स्थान पर पार्किंग का संचालन कर रहा है इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा पार्किंग का संचालन किया जा रहा है जिनमें एकरूपता लाई जाएगी, शहर में संचालित होने वाली सभी पार्किंग का शुल्क एक ही होगा इसके अलावा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए भी पार्किंग का व्यवस्थित होना लाभदायक सिद्ध होगा निर्णय लिया गया '

# ट्यूबवेल ताले विवाद में 9 लोगों पर केस दर्ज



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना टप्पल क्षेत्र के उसरह रसूलपुर गांव में ट्यूबवेल पर ताला लगाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव उसरह रसूलपुर निवासी ललित कुमार पुत्र राजबहादुर सिंह ने टप्पल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 जून की शाम करीब छह बजे गांव के हरेन्द्र सिंह, रणधीर सिंह, प्रशांत, कमलेश, शालू, भूपेन्द्र, हरवीरी, सपना और पूजा लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंचे। ललित कुमार के अनुसार, आरोपियों ने ट्यूबवेल पर ताला लगाने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई।

# राजस्व राज्य मंत्री सुरेंद्र दिलेर ने किया तीन दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के मा0 राजस्व राज्य मंत्री श्री सुरेंद्र दिलेर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर किया।

इस अवसर पर राजस्व राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान व गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। चित्र प्रदर्शनी इन उपलब्धियों को आमजन तक सरल एवं आकर्षक माध्यम से पहुंचाने का प्रभावी प्रयास है। उन्होंने नागरिकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया।



प्रदर्शनी में युवा, महिला एवं गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, आंतरिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न विभागों की जनहितकारी उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों एवं प्रदर्शों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में श्रीराम जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ धाम एवं महाकुंभ प्रयागराज सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की मनोहारी झलकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर आगंतुक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ डिजिटल सेल्फी का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही विगत वर्षों में निर्मित प्रमुख सड़कों, संस्थानों, कनेक्टिविटी परियोजनाओं तथा अन्य विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी चित्रों एवं विवरणों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

इससे पूर्व सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 19 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धियों का अवलोकन कर सकेंगे। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी, जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला महानगर महामंत्री सुरेश शर्मा, सीएमएस डीडीयू डा0 एम0के0 माथुर, प्रबंधक डीडीयू नीरज शर्मा, आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवक की मौत, बाइक पुल पर मिली और रेलवे ट्रैक पर मिला शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गभाना थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक की बाइक एक पुल पर लावारिस पडी मिली और उसका शव रेलवे ट्रैक पर पडा मिला। युवक की पहचान कासगंज जनपद के सहावर थाना क्षेत्र स्थित साहवर बड़ागांव कोटरा निवासी 25 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, दिनेश दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में तीन भाई और तीन बहनें हैं। उनके पिता फल विक्रेता हैं, और माता का निधन लगभग 12 वर्ष पहले हो चुका था। दिनेश की शादी भी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। परिजनों ने बताया कि दिनेश दिल्ली से अपनी बाइक से गांव सहावर लौट रहे थे। इसी दौरान गभाना क्षेत्र में एक पुल के पास उनकी



बाइक खड़ी मिली। बाद में उनका शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के फूफा रामकिशोर, जो अलीगढ़ के डोरी नगर, थाना गांधी पार्क के निवासी हैं, ने बताया कि दिनेश एक मेहनती और जिम्मेदार युवक था। उन्होंने पुल पर बाइक और रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की परिस्थितियों को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ओजोन सिटी नहर को पूर्ण रूप से अवैध पुलियों व अवैध निर्माण से मुक्त कराये जाने की कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शहर में जल निकासी व्यवस्था को सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने शहर की जलनिकासी के प्रमुख स्रोत अलीगढ़ ड्रेन व जाफरी ड्रेन(ओजोन सिटी नहर) को पूर्ण रूप से अवैध पुलियों व अवैध निर्माण से मुक्त कराये जाने की कार्रवाई खुद मौके पर पहुँचकर नगर आयुक्त ने अपने समक्ष शुरू करायी है।




बुधवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम के दलबल के साथ जाफरी ड्रेन(ओजोन सिटी मार्ग सिचाई विभाग की नहर) वैष्णो रॉयल सिटी फेज-3 ओजोन सिटी पहुँचकर मौके का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने मौके पर ही नगर निगम की जेसीबी व पोकलेन मशीनों को मंगवाकर उक्त अतिक्रमण किये अवैध पुलिया - जो जल निकासी में अवरोध उत्पन्न कर रही थी, को ध्वस्त करने की कार्रवाई को अपनी मौजूदगी में शुरू कराया। लगभग 5 घंटे से ज्यादा इस क्षेत्र में नगर आयुक्त ने भ्रमण करके जाफरी ड्रेन पर अतिक्रमण किए हुए 5 पुलियों जिनके कारण ड्रेन में पानी का बहाव रुकने व बारिश में जलभराव की स्थिति से शहर को बचाने के लिए तत्काल तोड़ने को कार्रवाई की। नगर आयुक्त ने बताया कि जाफरी ड्रेन बड़े नाले पर टंकी के पास पुलिया वार्ड संख्या 41 नियर सागवान सिटी, बड़े नाले पर ठेका देशी शराब के पास असादपुर कायम कट पर पुलिया वार्ड संख्या 41 नियर सागवान सिटी, सर वैष्णो रॉयल फेस 3 की पुलिया वार्ड संख्या 5 सिधौली नियर जीटी रोड व 2 अन्य पुलियों को पहले चरण की नगर निगम व सिचाई विभाग की संयुक्त कार्रवाई में तोड़ा जा रहा है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व शहर की जल निकासी को पूरी क्षमता के साथ संचालित करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जाफरी व अलीगढ़ ड्रेन पर अवैध पुलिया जो जल निकासी में अवरोध उत्पन्न कर रही है, बल्कि नागरिकों के लिए गंभीर समस्याओं का कारण भी बनते हैं। उन्होने फिर दोहराया कि मानसून से पूर्व सभी प्रमुख नालो/ड्रेनों में जल प्रवाह सुचारू करना आवश्यक है जल निकासी में बाधा बनने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त दोनों ड्रेन को अवैध निर्माण व पुलियों से निजात दिलाने के लिये नगर निगम व सिचाईं विभाग अगले 7 दिनों में लगातार कार्रवाई कर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर जलनिकासी को प्रभावी बनाएगा।

# श्री अग्रसैन चौक के सौन्दर्यकरण का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महापौर, नगर आयुक्त श्री अग्रवाल युवा संगठन के पदाधिकारियों संग हुआ भूमि पूजन-44 लाख की लागत से मनमोहक व आकर्षक लाइट से सजेगा अग्रसैन चौकह्ल मुख्यमंत्री की प्रेणना से नगरीय सुविधाओं को प्रभावी व नगरीय क्षेत्र को भव्य व आकर्षक रूप देकर शहर के सौन्दर्यकरण की दिशा में अलीगढ़ के प्रमुख श्री अग्रसैन चौक का लगभग 44 लाख की लागत से सौन्दर्यकरण कराया जा रहा है।



बुधवार को महापौर प्रशान्त सिंघल नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम पार्षदो व श्री अग्रवाल युवा संगठन के पदाधिकारियों के साथ इस परियोजना का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास किया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेणना से शहर में कराये जा रहे विकास, कायाकल्प व सुंदरीकरण कार्यों में से ये एक महत्वपूर्ण कार्य है अलीगढ़ की आस्था का प्रतीक श्री अग्रसैन चौक पार्क को आने वाले 3 माह में भव्य व आकर्षक रूप देने का प्रयास नगर निगम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्रसेन पार्क के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के अंतर्गत पार्क को एक नवीन एवं आकर्षक रूप प्रदान किया जाएगा। पूरे पार्क की बाउंड्री वॉल का नवनिर्माण कराया जाएगा। पार्क में स्थापित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के ऊपर एक सुंदर एवं भव्य एफआरपी (थ्त्च्) छत्र का निर्माण किया जाएगा, पार्क में आधुनिक एवं आकर्षक लाइटिंग की जाएगी जिससे रात्रि के समय भी पार्क की सुंदरता निखरकर सामने आएगी। पार्क में व्यापक हॉर्टिकल्चर कार्य के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधों, फूलों एवं हरित क्षेत्रों विकसित किया जाएगा। पार्क में आकर्षण के लिए पार्क में एक म्यूजिकल फाउंटेन बनाया जाएगा। पार्क में दो कलात्मक स्कल्पचर्स लगाए जाएंगे। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास व सौन्दर्यकरण कार्यो के बल पर अलीगढ़ में बड़ा कायाकल्प हो रहा है। विकास कार्यो के बल पर सड़क नाले नालियों, चौराहो, चोक व पार्को की सूरतेहाल बदल रही है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आने वाले 6 माह में अलीगढ़ की दिशा व दशा बदलने का प्रयास नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में पार्षद अंशु अग्रवाल अधिशासी अभियंता अजय सक्सेना स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब, एई राजवीर, अनिल मांगलिक, शोभित अग्रवाल ,रमिल मित्तल आदि । ठेकेदार आर0के0 एसोसिएट की ओर से दीपक सहित सैकड़ों नागरिक मौजूद थे।

# अतरौली के इस्माइलपुर में रात्रि ग्राम चौपाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** मंगलबार देर रात तक अतरौली विधानसभा क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रात्रि ग्राम चौपाल संवाद व समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया एवं विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री संदीप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार और योगी सरकार ऐसा पहली बार कर रही है, जब सरकार जनता के द्वार आ रही है और उनकी समस्याएं सुन रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, समाज कल्याण समेत विभिन्न विभागों ने आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, पेंशन, आवास जैसी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली वितरित की गई, जबकि स्कूली बच्चों को बैग बांटे गए। ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर जोरदार शिकायत की। उन्होंने बताया कि पूरे हफ्ते से ट्यूबवेलों में बिजली नहीं आ रही है, जिससे धान की पौध सूखने के कगार पर पहुंच गई है। बिजली विभाग का कोई भी



अधिकारी उपस्थित न होने पर राज्य मंत्री संदीप सिंह ने नाराजगी जताते हुए विभाग के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दे दिए।इस मौके पर एसडीएम अतरौली नारायण सिंह, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा, कृषि विभाग से मुकुल पाल सिंह, समाज कल्याण से जितेंद्र सिंह, सीडीपीओ विष्णु कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, आपूर्ति अधिकारी बाबू निखिल प्रकाश, लघु सिंचाई से रामकुमार, पशु चिकित्सा विभाग से प्रशांत राजपूत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं की सराहना की और समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद जताई।

# किसान दिवस में उठीं सिंचाई, बिजली और उर्वरक की समस्याएं, डीएम ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों ने सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, नहरों की सफाई एवं उर्वरकों की उपलब्धता से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक चौधरी अनुण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर किसानों को बुकिंग के आधार पर मिलेट्स बीज मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। वहीं किसानों द्वारा विद्युत आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था को लेकर उठाई गई समस्याओं पर अधिशासी




अभियंता गंगा नहर ने बताया कि अधिकांश नहरों एवं माइनरों की सफाई का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है तथा टेल तक पानी पहुंचाने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक किसानों को खतौनी, आधार कार्ड एवं फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर प्रति हेक्टेयर अधिकतम 07 बैग यूरिया एवं 05 बैग डीएपी उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक फसल संस्तुतियों के अनुरूप उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की अपील की। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 दिवाकर त्रिपाठी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी निराश्रित गौवंश दिखाई देने पर ग्राम प्रधान, सचिव, खंड विकास अधिकारी अथवा पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सूचना दें। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बकरी पालन एवं सूकर पालन योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को 90 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि किसान अपने निकटस्थ जन सेवा केंद्र अथवा स्वयं मोबाइल के माध्यम से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। तकनीकी सत्र में प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार लोधा ने किसानों को फसलों को कीटों से बचाने के लिए सोलर लाइट ट्रैप के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके प्रयोग से रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग कम होता है, जिससे लागत घटती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

# रामगोपाल यादव से मिले सपा नेता हाई कमान का बूथ कमेटी के गठन पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर के नेतृत्व में चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की अर्जुन ठाकुर ने बताया की रामगोपाल जी ने एक महीने के अंदर बूथ लेवल कमेटी का गठन हर विधानसभा क्षेत्र में हो जाना चाहिए तथा उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई भी शिथिलता स्वीकार नहीं होगी।



उन्होने कहा है कि चुनाव कभी भी हो सकते हैं इसलिए हमें हर समय चुनावी मूड में रहना है तथा उन्होंने विधानसभा इगलास और खैर में यूथ ब्रिगेड के द्वारा किए गए। बूथ कमेटी के कार्य की सराहना की धारा सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि हाई कमान का स्पष्ट आदेश है कोई भी गुटबंदी नहीं की जाए हर हालत में 2027 के चुनाव को ध्यान में रखा जाए पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव इंजीनियर अरविंद यादव ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर केवल समाजवादी निशान को देखना है तभी हम अपने मिशन में सफल होंगे। इस मौके पर अर्जुन ठाकुर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड धारा सिंह सूर्यवंशी प्रदेश सचिव बाबा साहब वाहिनी इंजीनियर अरविंद यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष इगलास पूरन सिंह उपस्थित थे।

बैठक

## अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध

# आरएमपीएसयू अलीगढ़ में दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** परीक्षाओं तथा परिणाम की पारदर्शी घोषणा के लिए अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्ट के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता सराहनीय है। माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा, माननीय कुलपति महोदय की प्रशासनिक दक्षता तथा कुलसचिव महोदय की कार्यकुशलता के परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय निरंतर नई उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव होगा बल्कि विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट परंपराओं,अनुशासन एवं गौरवशाली उपलब्धियां का भी भव्य प्रदर्शन होगा।

विश्वविद्यालय में 6 जुलाई 2026 को होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह के सफल, भव्य एवं गरिमामय आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 17 जून 2026 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा की गई ।बैठक में आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियां के समन्वयक एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

बैठक में दीक्षांत समारोह की तैयारीयों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि दीक्षांत समारोह छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग होता है इसलिए इसके आयोजन में गरिमा, अनुशासन एवं उत्कृष्टता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए उन्होंने सभी समितियां को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने की निर्देश दिए।



बैठक में समारोह स्थल की साज सज्जा , मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, अतिथि स्वागत आदि तैयारी की समीक्षा की गई ,इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, आसन व्यवस्था एवं परिवहन संबंधी व्यवस्थाओं पर एवं आमंत्रण पत्रों की छपाई एवं अतिथियों की आमंत्रण सूची तैयार करके समयानुसार आमंत्रण पत्र वितरण पर भी चर्चा की गई। इसके स्मारिका प्रकाशन पर विचार विमर्श किया गया,साथ ही माननीय कुलाधिपति/राज्यपाल महोदया के गरिमामय निर्देशानुसार 'मां-बेटी सम्मेलन' के आयोजन पर भी चर्चा की गई। उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सूची को अंतिम रूप देने, प्रमाण पत्रों की छपाई, दीक्षांत परिधान एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समारोह में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को समय पर सूचना उपलब्ध कराने तथा आवश्यक निर्देश जारी करने पर भी चर्चा की गई ।

बैठक में मीडिया, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी ,सोशल मीडिया कवरेज तथा समारोह के व्यापक प्रचार प्रसार की योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया गया । माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी के निर्देशानुसार स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए 'मां-बेटी सम्मेलन' तथा निशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर दिनांक 23 जून 2026 दिन मंगलवार प्रातः 10:00 बजे से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक भवन ब्लॉक बी में कराया जाना सुनिश्चित हुआ। इसके अतिरिक्त माननीय कुलाधिपति महोदया के निर्देशन में गोद लिए गए गांव के प्राथमिक विद्यालयों में भाषण, चित्रकला एवं कहानी प्रतियोगिता का भी आयोजन दिनांक 22 जून से 27 जून 2026 तक कराया जाना निश्चित हुआ। अध्यक्ष प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियां का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे ताकि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट परंपराओं के अनुरूप संपन्न हो सके।

अंत में विभिन्न समितियों के समन्वयकों ने अपनी अपनी तैयारी की रिपोर्ट प्रस्तुत करी तथा समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में विश्वविद्यालय के कुल सचिव एडीएम प्रबुद्ध सिंह, वित्तीय अधिकारी निजिलिंगप्पा, परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर केडी वर्मा डीन शैक्षिक, उप कुलसचिव पवन कुमार के साथ सभी समितियां के समन्वयकों में प्रोफे. चंद्रवीर सिंह ,प्रोफे. राजेश कुमार, प्रोफे. सुभाष चौधरी, प्रोफे. अंजना कुमारी, प्रोफे. हरीश शर्मा , प्रोफे.बी.बी. परिहार, प्रोफे. नीता वार्ष्णेय, प्रोफे. लकी गुप्ता, प्रोफे. रोली अग्रवाल, डॉ. शाहनवाज खान, प्रोफे तनु वार्ष्णेय,डॉ मनीषा गुप्ता, डॉ विष्णु उपाध्यक्ष, डॉ तहसीन , डॉ मोहित, डॉ आयुष गौड़ ,डॉक्टर गगन प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई : जिलाधिकारी ने सुनी जनता की शिकायतें,निस्तारण करने के दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- जनसुनवाई में आई शिकायतों का प्राथमिकता से करने निस्तारण अधिकारी
- डीएम की जन सुनवाई की जिले की जनता करने लगी प्रशंसा

**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर प्रतिदिन अंतिम व्यक्ति तक जन सुनवाई की गई। बुधवार को जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कि वह शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। जिलाधिकारी की जन सुनवाई की जिले की जनता प्रशंसा करने लगी है। बुधवार को जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी कविता मीना को शिकायतकताओं द्वारा विभिन्न शिकायतों से



अवगत कराया गया जैसे बिजली,आयुष्मान कार्ड, अवैध खनन सड़कों में जल भराव इत्यादि मुख्य रही। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता की शिकायतों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायत प्राप्त हुई है। उनका निस्तारण गुणवत्तापरख करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा की जनसुनवाई में आने वाले पीड़ित को न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। उनकी शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के साथ-साथ शिकायतकर्ता को अवगत कराना भी सुनिश्चित करें।

गौरतलब है,कि जिलाधिकारी कविता मीना प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की समस्या का गंभीरता से सुनकर उसका सम्बंधित अधिकारी से निस्तारण कराती है। जिस कारण डीएम की जन सुनवाई की जिले की जनता प्रशंसा करने लगी है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया गया शुभारंभ
- प्रदर्शनी द्वारा लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

**हापुड़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय हापुड़ द्वारा नगर पालिका परिषद हापुड़ के सभागार में सरकार की 12 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। गुरुवार को तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर एवं जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे द्वारा फीता काटकर किया गया।

उसके उपरांत सभागार में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। जिला पंचायत अध्यक्षता रेखा नागर ने कहा कि विगत 12 वर्षों में सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया गया है।





**केन्द्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां......**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन। पीएम आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बने। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिये गये। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा-विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान,पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को सालाना 6,000 की सीधी सहायता। कृषि इंफ्रास्ट्रक्रर फंड से भंडारण और प्रसंस्करण को बढ़ावा,आयुष्मान भारत योजना से 50 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज। जन औषधि केंद्रों से सस्ती दवाएं उपलब्ध,मुद्रा योजना से 45 करोड़ से अधिक लोगों को बिना गारंटी ऋण स्टार्टअप इंडिया से देश में 1.2 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप बने।

भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हापुड़ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना: शासन से जोड़ों का विवाह कराने को मिली,एक करोड़ 5 लाख की धनराशि: दिग्विजय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- योजना का लाभ उठाने को शीघ्र करें आनलाइन आवेदन
- शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 718 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला
- एक जोड़े पर खर्च होगी एक लाख की धनराशि खर्च

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद में 718 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शासन ने जोड़ों का विवाह संपन्न कराने के लिए एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एक जोड़े पर अब एक लाख की धनराशि खर्च की जायेगी। जिसमें 60 हजार रुपये वधू के खाते में जायेंगे।





आपको बता दें,कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए सभी वर्गों के 718 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शेष धनराशि भी शीघ्र प्राप्त हो जायेगी।

विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े पर एक लाख की धनराशि खर्च होगी। जिसमें 60 हजार लड़की के खाते में,25 हजार का सामान व 15 हजार रुपये खान पान पर खर्च होंगे। कार्यक्रम में लड़की व लड़के पक्ष से पांच-पांच लोग शामिल होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष में जनपद को 718 जोड़ों को विवाह कराने का लक्ष्य दिया है। एक जोड़े का विवाह संपन्न कराने के लिए एक लाख की धनराशि खर्च होगी। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। योजना का लाभ उठाने के लिए जोड़ ऑन लाइन आवेदन करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जोड़ों का विवाह कराने के लिए भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# गढ़ विधानसभा के 400 बूथों पर सपा मुखिया का संदेश पहुंचा रहे है आशुतोष शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**यूपी में सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष मिलेंगे**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में हर गांव,हर बूथ अभियान चल रहा है। प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा समाजवादी पार्टी का संदेश और अखिलेश यादव का संदेश जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

सपा नेता आशुतोष शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार,महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर सबसे अधिक कार्य किया था। छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए 18 लाख लैपटॉप समाजवादी सरकार ने दिए, नौजवानों के लिए प्रत्येक विभाग में लाखों नौकरियां समाजवादी सरकार के कार्यकाल में निकली थी। प्रत्येक ग्राम पंचायत को ज्यादा बजट देकर आत्मनिर्भर गांव बनाने के लिए कार्य किया, बिजली के सबसे अधिक कारखाने समाजवादी सरकार में लगे और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त करने के लिए समाजवादी पेंशन योजना सहित कई बड़े कार्यक्रम चलाए गए थे। उन्होंने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में 400 बूथ है,और 2,97,000 विधानसभा की लगभग वोट है,गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के 250 बूथों पर पहुंच कर अब तक कार्य किया गया है,और हर गांव हर बूथ अभियान के माध्यम से एक लाख लोगों से मिलने का लक्ष्य बनाया गया है। सपा नेता ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनता से अनुरोध किया जा रहा है और सरकार आने पर महिलाओं को 40000 सालाना, किसानों के लिए किसान आयोग का गठन, नौजवानों के लिए रोजगार,और 300 यूनिट बिजली फ्री जैसी घोषणाएं जो माननीय अखिलेश यादव ने की है। उनको प्रत्येक बूथ पर जाकर जनता को बताया जा रहा है। हर गांव,हर बूथ अभियान में प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रभारी जनपद ने भी हिस्सा लिया और समाजवादी सरकार में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाया।



इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अंकित भड़ाना, विक्रम गुर्जर, विंदर कश्यप, अंकित कौशिक निशांत गिरी, संदीप यादव, विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

# जलशक्ति मंत्री का भाजपा पदाधिकारियों ने किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,वर्तमान में प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का लखनऊ मेल से हापुड़ आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष कविता माधरे,पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश राणा, पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष जय भगवान शर्मा,जिला मंत्री अमित शर्मा, जिला मंत्री,हितेश मोदी, कार्यालय प्रमुख मुदित गोयल,हापुड़ उत्तरी मंडल के उपाध्यक्ष सौदान, प्रशांत शर्मा,प्रणव वर्मा,पवन गर्ग आदि शामिल थे।



# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है : ज्योति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**योग प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न योगाभ्यास कराये**

**हापुड़।** बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 17 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले योग कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य ज्योति दीक्षित द्वारा किया गया।

योग कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय से आए चिकित्सक एवं योग प्रशिक्षक डॉ.पुनीत शर्मा, योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा, जयवीर सिंह,शिवानी शर्मा, प्रियंका,ज्योति तथा मोहित द्वारा योग संबंधी विविध गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम में डी.एल.एड. सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के सभी प्रशिक्षुओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस को प्रशिक्षुओं को चेयर योग,शोल्डर एक्सरसाइज, लेग स्ट्रेचिंग,नेक अप-डाउन व्यायाम तथा अष्टांग योग सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।



योग प्रशिक्षकों ने इन गतिविधियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास तनाव प्रबंधन, एकाग्रता वृद्धि,शारीरिक लचीलापन तथा समग्र व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक है।

डायट प्राचार्य ज्योति दीक्षित ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है,जो स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से दैनिक जीवन में योग को शामिल करने तथा इसके संदेश को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डायट के समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**सौंपा ज्ञापन** — शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु बीएसए को सौंपा ज्ञापन

# बीएसए का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत व अभिनंदन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिशौदिया व जिला मंत्री नीरज चौधरी के नेतृत्व में जनपद की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी को शिक्षक संघ द्वारा जनपद के शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों की समस्याओं का जल्द से जल्द बेहतर तरीके से निस्तारण करने आश्वासन दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा विद्यालय में सुधारात्मक निरीक्षण किया जाए। यदि कहीं कोई कमी है तो उसे दूर करने को कहा जाए या दूर करने का तरीका संबंधित अध्यापक को बताया जाए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी,वेतन भोगी सहकारी समिति के अध्यक्ष बिजेंदर कुमार व सचिव राशिद हुसैन,नौशाद अली,बैंक निदेशक जिला सहकारी बैंक प्रवेश रानी,डॉ अरुण कुमार हूण,चौधरी इशरत अली,परवेज आलम, अजय कुमार गौतम,योगेश कुमार सैनी, आनंद कुमार सैनी, दिनेश कुमार, नाजिम अली, गतिशील, अनिता, सत्या,संगीता सक्सेना आदि उपस्थित रहे।





# युवक ने गर्दन काटकर किया आत्महत्या का प्रयास,भर्ती,हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय में एक युवक ने जमीनी विवाद के चलते धारदार हथियार से अपनी गर्दन काटकर आत्महत्या का प्रयास किया।



युवक को गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी आजाद पुत्र बाबुद्दीन का पिछले कुछ समय से अपने ही परिवार के लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। बुधवार को विवाद बढने पर आजाद मानसिक तनाव में आ गया और तगासराय स्थित गेट के पास रखे धारदार हथियार से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। युवक आजाद की गर्दन कटते ही वह खून से लथपथ होकर सड़क पर पर गिर पड़ा।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम AKBARI BEGUM से बदलकर FATMA कर लिया है। भविष्य में मुझे FATMA से जाना व पहचाना जाए।

**प्रार्थीः फातमा**
**पत्नी अब्दुल रशीद**
**निवासीः 292, त्यौडी 13 बिस्वा मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम MAHTAB से बदलकर MOHD MEHTAB QURESHI कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD MEHTAB QURESHI से जाना व पहचाना जाए।

**प्रार्थीः मो मेहताब कुरैशी पुत्र अब्दुल रशीद**
**निवासीः 435/436, आवास विकास कॉलोनी बुलंदशहर रोड हापुड़, जनपद हापुड़**

## खोया-पाया

सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी की संपत्ति मौहल्ला त्रिलोकीपुरम हापुड प्लाट नम्बर 27 का अंश जानिब पूरब उत्तर, अंश ख0नं0 562 के मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री/सेल डीड), जो उप निबंधक हापुड़ दिनांक 07/02/2025 में 202500740003354 पंजीकृत थे, 04/05/2026 को त्रिलोकिपुरम से तहसील, हापुड़ के पास खो गए हैं। इस संबंध में FIR/LAR नंबर 20260000587494 थाना ई थाना प्रभारी (ई थाना द्वारा वास्तु या अभिलेख खोने की रिपोर्ट) में दर्ज है। यदि किसी को मिले तो कृपया सूचित करें। **नौशाद अली 8954892044**

## सम्पादकीय

# तेल खरीदना महंगा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पिछले महीने भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एलान किया था कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पांच दिन की भारत यात्रा आई हैं। संभावना है कि उनकी इस यात्रा के दौरान भारत वेनेजुएला से कच्चे तेल की अधिक खरीदारी का सौदा करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने के आखिर में भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस संबंध में एलान किया था। कहा था कि रोड्रिगेज जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा। इस घोषणा की पृष्ठभूमि गौरतलब है। पिछले तीन जनवरी को वेनेजुएला पर अचानक हमला कर वहां के राष्ट्रपति निकलस मदुरो और उनकी पत्नी का अपहरण करने के बाद अमेरिका ने वहां के तेल भंडार पर अपना पूरा नियंत्रण बना लिया है।

अब अमेरिकी कंपनियां वहां तेल निकालने और बिक्री करने में जुटी हुई हैं। इस बिक्री का पैसा भी अमेरिका के पास जाता है, जो उसमें से वेनेजुएला का हिस्सा अपनी मर्जी से तय कर उसके खजाने में भेज देता है। रोड्रिगेज वेनेजुएला में चाविस्मो (पूर्व राष्ट्रपति उगो चावेज की समर्थक विचारधारा) का प्रमुख चेहरा रही हैं। मगर तीन जनवरी की घटना के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका द्वारा वहां थोपी गई औपनिवेशिक किस्म की व्यवस्था में उन्होंने काम करना स्वीकार किया है। इस बारे में लैटिन अमेरिकी वामपंथी समूहों में अलग- अलग राय है।

एक सोच है कि ऐसा कर रोड्रिगेज आगे और हमलों और इस क्रम में चाविस्मो के सांगठनिक ढांचे को पूरी तरह नष्ट हो जाने से बचा रही हैं। इसे एक तरह की समय काटने की रणनीति बताया गया है। मगर उनके आलोचकों की संख्या भी कम नहीं है। उधर यह भी कम विचित्र नहीं है कि भारत की तेल खरीद संबंधी फैसले अमेरिका ले रहा है। रूस के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत को महंगा पड़ रहा है। मगर डॉनल्ड ट्रंप के काल में अमेरिका से रिश्ता रखने के लिए ऐसी कीमतें चुकाने की अनिवार्य शर्त उसके सभी कथित सहयोगी देशों को चुकानी पड़ रही है। भले बात परेशान करने वाली हो, लेकिन यही सच है कि रोड्रिगेज की भारत यात्रा का एजेंडा वॉशिंगटन से तय हुआ है।

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!

# राष्ट्र चिंतन : श्रीराम मंदिर में 200 करोड की लूट, सिर्फ पैसों को नहीं बल्कि प्राण बलिदानियों के सपनों को भी लूटा



आचार्य श्रीहरि

वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा/ बदला हुआ नाम/ के आँखो में आंसू थे, वे लगातार सिसक रहे थे, आँखों के आंसू रुकने के नाम नहीं ले रहे थे, वे मुझसे पूछते हैं कि आचार्य जी आपने यह क्या करा दिया,? क्या यही दिन देखना था? मै निशब्द हो गया, मेरी कठोरता भी बर्फ की तरह पिघल गई, मुझे अशोक सिंहल के फटे सिर से टपकते खून याद हो गए, मुझे उमा भारती के वे वाक्य भी याद हो गए जिसमें उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को कहा था कि शर्म आपको आती होगी, मुझे तो बाबरी मस्जिद के ढांचे गिरने, ध्वस्त होने से गर्व की अनुभूति हो रही है।पत्रकार संवेदनशील होता है, कोई संवेदनाहीन व्यक्ति सही पत्रकार हो ही नहीं सकता है,वह सिर्फ लुटेरा हो सकता है, पैरोकार हो सकता है। चूंकि मनोज वर्मा रामनदिर आंदोलन से न केवल साथ थे, बल्कि भगवान राम के प्रति उनका समर्पण रहा है, इसलिए उनका व्यथित होना अस्वाभाविक नहीं बल्कि स्वाभाविक है। मनोज वर्मा ही क्यों, बल्कि करोडों उन रामभक्तो की भावनाएं , बलिदान आहत हुई है, जिन्होंने राममंदिर आंदोलन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई थी, पुलिस की गोलिया खायी थी, मुस्लिम जिहादियों की हिंसा झेली थी, कांग्रेस राज का उत्पीडन झेला था, मुलायम सिंह यादव राज की गोलियों के सामने अपने सीने तान कर खडे थे। मै खुद राममंदिर आंदोलन का हिस्सा था, पुलिस की लाठिया खाई थी, बाबरी मस्जिद के ढांचे का विनाश देखा था, ईट पूजन आंदोलन में महीनों गांव गांव घुमा था। क्योंकि मै राममनोहर लोहिया का वैचारिक शिष्य था, राममनोहर लोहिया के आराध्य भी भगवान श्रीराम थे, राममनोहर लोहिया श्रीराम मेला लगाते थे और कहते थे कि भारत को जानना है तो भगवान राम को जानो, उनके आदर्श और महानता से जुडो। श्रीराम तीर्थ मंदिर ट्रस्ट में दान की राशि की लुट कितनी की है? दो सौ करोड पार तक लूट की बात आ रही है।

राममंदिर आंदोलन को पूर्ण तक पहुंचाने वाले विनय कटियार की भावनाओं का उल्लेख करना भी अति आवश्यक है। विनय कटियार की रामवाणी युवाओं का खून खोला देती थी, युवाओं को श्रीराम मंदिर के लिए मरने मिटने के लिए प्रेरित कर देती थी। श्रीराम मंदिर में दान और चढ़ावे में लूट, चोरी, डकैती पर दुखी होते हुए कहा कि जिस भगवान श्रीराम मंदिर के लिए कल्याण सिंह ने अपनी सत्ता त्याग दी थी और कहा था कि भगवान श्री राम के लिए एक तो क्या मै सौ सौ सत्ता का भी त्याग कर सकता हूं, कल्याण सिंह जी की आत्मा आज कितनी पीडा में होगी? सिर्फ कल्याण सिंह ही नहीं बल्कि उन कोठरी बंधुओं की आत्मा भी व्यथित होगी और अपने बलिदान पर पश्चाताप कर रही होगी। कोलकाता के कोठारी बंधु अपने माता पिता के दो ही बेटे थे, दोनों ने मुलायम सिंह यादव सरकार की गोलियों को डटकर सामना किया था, जिनकी शरीर छलनी हो गई थी, फिर भी अंतिम सांस तक हार नहीं मानी थी। उन सैकडों लोगों की आत्मा भी अशांत होगी जिन्होंने राममंदिर आंदोलन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बलिदान किया था। विशेषकर उन हजारों साधु संतों की आत्माएं भी गुस्से में होगी जिन्होंने पुलिस के सामने दीवार बन गए थे और गोलियों से छलनी होने के बाद भी पुलिस से लड़े थे। अयोध्या की धरती साधु संतों और रामभक्तो के खून से लाल हो गई थी, मुलायम सिंह की सरकार ने हजारों साधु संतों के शवों को सरयू नदी में भी बहा दिया था। चूंकि साधु संत का जीवन परिवार मुक्त और पहचान विहीन होता है, इसलिए उनकी खोज खबर रखना, किसी के लिए संभव नहीं है।

भगवान श्रीराम मंदिर के दान और चढ़ावे के लुटेरे, चोर, डकैतों के कुछ नाम सामने आए हैं, इनकी पहचान उनकी अचानक बढी हुई संपत्ति और रुतबे के आधार पर हुई है । दो नाम बहुत ही प्रचारित हो रहे हैं। एक नाम है, लवकुश मिश्रा का। लवकुश मिश्रा कभी कार मिस्त्री था, उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, किसी तरह उसका भाग्य चमक गया, भगवान श्रीराम मंदिर ट्रस्ट का कर्मचारी बन गया, कमचार्री बनते ही उसका रुतबा भी चमक गया, उसकी संपति अचानक सातवें आसमान पर चढ़ गई, करोडो का मालिक बन गया, उसके पास कई प्लॉट, कई रिश्तेदारों के नाम संपतिया है, लवकुश मिश्रा के घर से गोबर के ढेर में छिपाये गए लाखों रुपए मिले हैं। एक अन्य है अनिल मिश्रा। अनिल मिश्रा भी करोडों का मालिक बन गया। टीनू यादव का प्रकरण और उदाहरण तो लोमहर्षक है और डकैत जैसा है, सबूत मिटाने जैसा है, टीनू यादव चंपत राय का निजी ड्राइवर था, फिर ट्रस्ट का कर्मचारी बन गया। इसकी संपति करोडो में है, इनकी तूती बोलती थी, क्योंकि ये चंपत राय का बेहद विश्वास पात्र था। टीनू यादव ने ही राममदिर चढावे और दान से संबंधित वीडियो डिलीट कराए हैं, कुल आठ महीने के वीडियो गायब मिले हैं, गायब वीडियो की रिकवरी भी संभव नहीं है, जहां तक टीनू यादव की अवैध संपत्ति की बात है तो फिर उसकी संपति करोडो में है, जिसके प्रमाण सार्वजनिक हो गए। बैंक अधिकारी भी मालो माल हो गए। बोया पेड बबूल का तो आम कहा से होय? दान और चढ़ावे में लूट के पीछे नृपेन मिश्रा का हाथ बताया जा रहा है, नृपेन मिश्रा भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष है, नृपेन मिश्रा ने कर्मचारियों की नियुक्ति और प्रबंधन में भूमिका निभाई है, नृपेन मिश्रा कौन है? नृपेन मिश्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत के अति दुलारे और विश्वास पात्र हैं, मोहन भागवत के कहने पर मोदी ने इन्हें मंदिर निर्माण का सरगना बनाया था। इसलिए ट्रस्ट के प्रबंधन पर इनकी तूती बोलती है, इनकी सहमति के बिना मंदिर का कोई भी निर्णय और सुधार के कार्यक्रम तय नहीं हो सकते हैं। नृपेन मिश्रा क्या श्रीराम के भक्त थे, क्या ये हिंदुत्व के प्रति सहानुभूति रखते थे, समर्पण रखते थे? इसके उत्तर भी जानना अति आवश्यक है। कारसेवकों और साधु संतों पर गोलियां चलवाने के आरोपी और गुनाहगार नृपेन मिश्रा है। 1990 जब कारसेवकों और साधु संतों के खून की होली खेली गई थी, तब उसका आदेश देने वाले यही नृपेन मिश्रा थे। उस समय ये मुलायम सिंह यादव के प्रमुख सचिव थे, कल्याण सिंह ने इन्हें प्रमुख सचिव के पद से हटा दिया था। सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह सरकार में इनकी पहुंच और रुतबा बढ़ता चला गया, दिन दुगनी और रात चैगुनी इनकी प्रगति होती चली गई। पहले उर्वरक मंत्रालय में सचिव बने फिर दूरसंचार मंत्रालय के सचिव भी बने, ट्राई के हेड भी बना दिए, कांग्रेस के लिए इनकी एक मात्र योग्यता कारसेवकों पर गोलियां चलवाने की थी, संसद में एक बार अखिलेश यादव ने कहा था कि जिसने गोलियां चलवाई , जिसने आपके कारसेवकों की हत्याएं कराई, उसी को आपने भगवान राम के मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष बनवा दिया। अरुण जेटली ने गुजरात भवन में मोदी और नृपेन मिश्रा की मुलाकात कराई थी। बाद की कहानी सभी को मालूम है। मोदी की कृपा नृपेन मिश्रा पर बरसती चली गई, सैया भय कोतवाल तो डर किस बात का। संघ का प्रचारक मंद बुद्धि का नहीं होता है, संघ का प्रचारक तो अति विद्वान होता है, संघ का प्रचारक तो अति समझदार होता है,संघ का प्रचारक बईमान भी नहीं होता है, संघ का प्रचारक लोभ लालच से मुक्त होता है, संपति और परिवारिक मोह से भी दूर होता है। ये सभी भ्रम भी टूट गए, बेनकाब हो गए है। यह भी सर्विदित हो गया कि संघ का प्रचारक भी बईमान हो सकता है, झूठ बोल सकता है, सबूत मिटाने की करतूत को अंजाम दे सकता है, अपने नजदीकी की चोरी डकैती पर पर्दा डाल सकता है, पुलिस और कानून के हाथ लगने से बचा सकता है। इसका साक्षात उदाहरण चंपत राय है। चंपत राय श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव है, उनकी नियुक्ति संघ के प्रचारक के तौर पर हुई है। चढावे और दान की राशि की लुट, चोरी, डकैती की घटना सामने आने पर चंपत राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलेआम झूठ बोला और कहा कि दान और चढ़ावे की राशि में कोई लूट नहीं हुई है, कोई गबन नहीं हुआ है, कोई हेराफेरी नहीं हुई है, कोई वीडियो डिलीट नहीं हुई है, हमारे कर्मचारी सत्य निष्ठा के प्रतीक हैं , भगवान श्रीराम के विरोधियों ने झूठा आरोप लगाया है, हम उन सभी पर कानूनी कार्रवाई करेंगे जो अफवाह उडाई है। पर जैसे उनके चालक टीनू यादव का लूट में शामिल होने का प्रकरण सामने आया, लव कुश मिश्रा, अनिल मिश्रा की संपति का खुलासा हुआ, वैसे ही चंपत राय गायब हो गए, उनकी बोलती बंद हो गई, उनकी ईमानदारी से पर्दा और नकाब उठ गया।

## भारत विरोधी रुख

यूरोपियन यूनियन और पाकिस्तान के साझा बयान में भारत के नजरिए से कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना स्पष्टतः भारत विरोधी रुख है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पिछले हफ्ते हुई चीन यात्रा के समय जारी साझा बयान में जम्मू-कश्मीर का जिक्र हुआ। चीन ने जम्मू-कश्मीर को इतिहास से जन्मा विवाद कहा। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण और उचित समाधान की बात कही। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों, द्विपक्षीय समझौतों, और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। स्पष्टतः यह भारत विरोधी बयान था। उचित ही भारत सरकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई और कश्मीर संबंधी उन टिप्पणियों को सिरे से ठुकरा दिया।

बहरहाल, अब यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने पाकिस्तान के साथ अपने साझा बयान में जो कहा है, वह चीन की टिप्पणियों से भी आगे जाता मालूम पड़ा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काया काल्लास की इस्लामाबाद यात्रा के समय जारी वक्तव्य में कहा गया- 'पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे की जानकारी दी। ईयू ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने इन टकरावों का संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुरूप बातचीत एवं कूटनीति से शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया।' स्पष्टतः इस कथन में कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना सीधे तौर पर भारत विरोधी रुख है। यहां तक कि चीन ने भी भारत- पाकिस्तान के द्विपक्षीय समझौतों का उल्लेख किया था, जबकि ईयू ने उनकी भी अनदेखी कर दी है।

एक अलग टिप्पणी में काल्लास ने पाकिस्तान को महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय शक्ति बताया। पिछले कई दशकों से भारतीय विदेश नीति का एक प्रमुख उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के संरक्षक पाकिस्तान को अलग-थलग करना रहा है। 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस दिशा में कई अहम कामयाबियां भी मिली थीं। मगर अब पाकिस्तान को क्यों अहमियत एवं अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता मिल रही है, यह कठिन प्रश्न हमारे सामने है। चीन और 57 सदस्यों वाले इस्लामिक सहयोग संगठन का हाथ तो हमेशा पाकिस्तान की पीठ पर रहा है, मगर ईयू और अमेरिका के डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने भी उसे अहमियत दें, तो क्या इसे भारतीय विदेश नीति की कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाएगा?

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# "वीरता,स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक"



कांतिलाल मांडोत

भारत के इतिहास में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसे ही महान योद्धाओं में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ के शासक ही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अदम्य साहस के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। यही कारण है कि सदियों बाद भी उनका नाम करोड़ों भारतीयों के हृदय में श्रद्धा और गौरव के साथ लिया जाता है।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के महान शासक थे। उनके पिता महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता जयवंता बाई थीं। बचपन से ही प्रताप में वीरता, नेतृत्व क्षमता और स्वाभिमान के गुण दिखाई देने लगे थे। कहा जाता है कि उन्होंने अपनी माता से ही साहस, शौर्य और युद्धकला की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। आगे चलकर यही गुण उन्हें भारतीय इतिहास के सबसे महान योद्धाओं में शामिल करने वाले बने।

महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर देशभर में विशेष उत्साह रहता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार उनका जन्म 9 मई 1540 को हुआ था, इसलिए अनेक स्थानों पर इसी दिन जयंती समारोह आयोजित किए जाते हैं। वहीं मेवाड़ क्षेत्र में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार उनकी जयंती हिन्दू पंचांग की ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह तिथि 17 जून को पड़ रही है। मेवाड़ के लोगों के लिए यह केवल एक जयंती नहीं बल्कि अपनी गौरवशाली विरासत और संस्कृति का उत्सव है।

महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। जब वे मेवाड़ के शासक बने, उस समय मुगल सम्राट अकबर अपनी सत्ता का विस्तार कर रहा था। अधिकांश राजपूत राजाओं ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। अकबर ने कई बार दूत भेजकर उन्हें अपनी अधीनता स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया, किंतु प्रताप ने हर बार उसे अस्वीकार कर दिया। उनका मानना था कि मातृभूमि की स्वतंत्रता किसी भी कीमत पर नहीं बेची जा सकती। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच संघर्ष का सबसे प्रसिद्ध अध्याय हल्दीघाटी का युद्ध है। 18 जून 1576 को राजस्थान के गोगुंदा के समीप हल्दीघाटी में यह ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया। महाराणा प्रताप के पास सीमित संसाधन और अपेक्षाकृत छोटी सेना थी, जबकि मुगल सेना संख्या और साधनों में कहीं अधिक शक्तिशाली थी। इसके बावजूद प्रताप और उनके सैनिकों ने अद्भुत साहस का परिचय दिया। इस युद्ध में भील समुदाय ने भी महाराणा का पूरा साथ दिया। युद्ध कई घंटों तक चला और रणभूमि वीरता की असंख्य गाथाओं की साक्षी बनी।

हल्दीघाटी के युद्ध का कोई निर्णायक परिणाम नहीं निकला, लेकिन इस युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए लड़ी जाने वाली लड़ाई केवल संख्या या संसाधनों के आधार पर नहीं जीती जाती। महाराणा प्रताप घायल होने के बावजूद जीवित बचे और संघर्ष जारी रखा। उनका प्रिय घोड़ा चेतक भी इस युद्ध में अपनी अद्भुत स्वामीभक्ति के कारण अमर हो गया। चेतक ने गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी अपने स्वामी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया और फिर वीरगति को प्राप्त हुआ। आज भी चेतक का नाम निष्ठा और समर्पण के प्रतीक के रूप में लिया जाता है।

हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी। उन्होंने अरावली की पहाड़ियों, जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों में रहकर संघर्ष जारी रखा। कई बार उन्हें और उनके परिवार को अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। भोजन के अभाव में घास की रोटियां तक खानी पड़ीं, लेकिन उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि सच्चा नेतृत्व विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करता।

महाराणा प्रताप की सबसे बड़ी विशेषता उनका अटूट आत्मसम्मान था।

# टीन एज में प्यार का बुखार उम्र के तूफानी काल का आकर्षण मात्र है

किशोरावस्था में अक्सर सच्चे प्रेम की और बलवती होना आम है। सच तो यह है कि कमसिन उम्र में 'प्रेम का भूत' सवार होने का अर्थ होता है भावनाओं का अत्यधिक तीव्र और अनियंत्रित होना। इस उम्र में हार्मोनल बदलावों के कारण विपरीत लिंग या किसी खास व्यक्ति के प्रति आकर्षण इतना गहरा हो जाता है कि किशोर-किशोरी उसी के ख्यालों में खोए रहते हैं। इसे अक्सर 'प्यार का बुखार' भी कहा जाता है। यह अवस्था तीव्र गति से काम करती है। इसमें तीव्र भावनाएं और आकर्षण हार्मोनल बदलाव के चलते बहुत तेजी से होता है। इस दौरान शारीरिक और मानसिक विकास के कारण इस उम्र में प्यार या आकर्षण का अहसास बहुत मजबूत होता है। युवावर्ग अक्सर काल्पनिक दुनिया में रहने लगता है। किशोर अक्सर वास्तविकता से दूर एक सपनों की दुनिया में जीने लगते हैं, जहाँ उनका क्रश या प्रेमी/प्रेमिका एकदम परफेक्ट होते हैं। यही उम्र का वह पड़ाव होता है जिसे तूफानी काल कहा जाता है इसमें युवाओं में बगावती स्वभाव सवार होने लगता है। इस 'भूत' के प्रभाव में किशोर अक्सर अपने माता-पिता या पढ़ाई से ज्यादा अपने साथी को महत्व देने लगते हैं। प्रेम के इस बुखार के लक्षण के अंतर्गत ध्यान का भटकना प्रमुख है।

इसके साथ साथ पढ़ाई या अन्य जिम्मेदारियों से ध्यान हटकर सिर्फ एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो जाता है। इस उम्र में मूड तेजी से बदलना देखा जाता है। साथी के थोड़ा सा ध्यान देने पर अत्यधिक खुशी और अनदेखा करने पर गहरा दुख या गुस्सा महसूस होना आदि शामिल है। इस प्रकिया में दूसरों से कटाव होने लगता है,अपने दोस्तों और परिवार से दूर होकर अपना सारा समय या तो उस व्यक्ति के साथ बिताना या उसी के बारे में सोचते रहता है। यह अवस्था जीवन का एक सामान्य हिस्सा है। इसमें अत्यधिक जिद या टोकने के बजाय किशोरों को यह सिखाना जरूरी है कि वे भावनाओं में बहने के बजाय अपने लक्ष्य (करियर, पढ़ाई) पर ध्यान दिए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। वातव में इस उम्र में शरीर में तेजी से हार्मोन बदलते हैं, जो मस्तिष्क के प्रमुख केंद्र को सक्रिय करते हैं। इससे डोपामाइन का स्तर बढ़ता है, जो अत्यधिक खुशी, उत्साह और जुनून का अहसास कराता है। पहचान और स्वतंत्रता की खोज में किशोरावस्था का यही वह समय होता है जब लड़कियां अपने परिवार से थोड़ा दूर होकर अपनी एक अलग पहचान बनाती हैं। ऐसे में किसी के साथ जुड़ाव उन्हें एक विशेष अहसास दिलाता है। काल्पनिक दुनिया फिल्मों, उपन्यासों और सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण किशोरियाँ अक्सर एक आदर्श प्रेम कहानी की कल्पना कर लेती हैं।



शाह आलम रोनक

शारीरिक और भावनात्मक आकर्षण के कारण यह वह दौर होता है जब विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण बहुत स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है। कई बार लड़कियाँ आकर्षण और सच्चे प्यार के बीच का अंतर नहीं समझ पाती हैं और इस भावना को बहुत गहराई से महसूस करती हैं जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक तृप्ता की शांति हेतु गलत रास्ते पर चल पड़ती है जिससे समाज में होने वाली बदनामी का भी कोई भय नहीं रहता। लाज शर्म स्वत ही खत्म हो जाती है और यहां तक की वे अपने माता पिता के विरुद्ध भी खड़े हो जाती हैं जिन्होंने बचपन से लेकर यहां तक अपना खून पसीना बहाकर पाला पोसा।

किशोरावस्था की इन समस्याओं से छुटकारा पाने हेतु लड़कियों का पहला उत्तरदायित्व अपने स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के प्रति सजग रहना है।

एक सशक्त और स्वस्थ किशोरी ही आगे चलकर समाज में सकारात्मक योगदान दे सकती है। इसके लिए पारिवारिक जिम्मेदारियों में सहयोग करना भी शामिल है। घर के कार्यों में हाथ बंटाना और परिवार के सदस्यों के साथ मधुर संबंध बनाए रखना। माता-पिता और भाई-बहनों के साथ संवाद में तालमेल बिठाना,समाज और समुदाय के प्रति सहभागिता निभाना,आस-पड़ोस के कार्यों, स्वच्छता अभियानों, या सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने में किशोरावस्था की इन समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।

युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना और समाज में व्याप्त लैंगिक रूढ़िवादिता और भेदभाव का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना भी शामिल है। चूँकि यह अवस्था बहुत संवेदनशील होती है, इसलिए माता-पिता को विशेष ध्यान रखना चाहिए। माता पिता बच्चों में बातचीत का माहौल बनाएं जिससे वे अपने मन में इतने वाले तूफानी उद्वेगों को खुलकर बता सकें। किशोरियों को अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने दें। उनकी बातों को सुनें, उन पर हँसें नहीं या उनकी भावनाओं को कमतर न आंकें उनका विश्वास जीतें,उन्हें समझाएं कि प्यार केवल आकर्षण से कहीं बढ़कर एक जिम्मेदारी और समझ का रिश्ता है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। इस उम्र में वे आकर्षण और सच्चे प्यार की बारीक लाइन को समझें।।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — दूर रहते है तो घर आना हो सकता हैं, परिवार में एकता होगी, स्पोट्र्स, राजनीति, ई-कॉमर्स के क्षेत्र में उन्नति करेंगे, लोन पास हो सकता हैं। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** — नया कार्य मिलेगा, पैसे की कमी नहीं होगी, कॉमर्स, बैंकिंग, सॉफ्टवेयर, कमोडिटी कार्य में उन्नति मिलेगी, सही निर्णय ले सकेंगे। भाग्य प्रतिशत-81

**मिथुन** — घर गृहस्थी के सुख में वृद्धि होगी, रिटायर्मेंट हुआ है तो पैसे मिलेंगे खुशी बढ़ेगी, माता को हृदय रोग है तो ध्यान रखें, उच्च शिक्षा में सुधार होगा। भाग्य प्रतिशत-79

**कर्क** — खुद को नए तरीके से ढालेंगे, पत्रकारिता, यू-ट्यूब चैनल, कम्प्यूटर कोचिंग, खिलौने का व्यवसाय कर सकते हैं, सीए है तो कम्पनी में जॉब मिल सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह** — मन से किसी से दूरी हो सकती हैं, हड्डी के सर्जन है तो आगे बढ़ेंगे, मेहनतकश कार्य करेंगे, व्यवसाय को आगे बढ़ाने की प्लानिंग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-64

**कन्या** — मित्रों का सर्किल बढ़ेगा, मन चंचल रहेगा, प्रेम की ईच्छा बढ़ेगी, धर्म कर्म का घर में कार्य अच्छे से करेंगे, राजनीति में भूमिका बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-60

**तुला** — कठोर निर्णय लेंगे, पारिवारिक विवाद से बचें, कंस्ट्रक्शन कार्य में बीच विवाद सम्भव हैं, सरकारी सेवा में हैं तो अफसर परेशान कर सकता है, ट्रांसफर के लिए जोर लगाएंगे।भाग्य प्रतिशत-54

**वृश्चिक** — आमदनी से असंतुष्टि थी तो आय शुरू होगी, बुद्धिमत्ता से कार्य करेंगे, किसी केस की शुरूआत हो सकती है उससे भी लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-67

**धनु** — अच्छी जगह जॉब मिलेगी, बॉस और कर्मचरियों से सहयोग मिलेगा, ट्रांसपोर्ट सम्बन्धित कार्य करेंगे, माल लाना ले जाना करेंगे, सुख समृद्धि बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** — किसी स्किल द्वारा सम्मान बढ़ेगा,नेटवर्क बढ़ेगा, मोबाइल, लेखन, फैशन डिजाइनिंग कोर्स द्वारा करियर की उन्नति होगी, ईश्वर कृपा होगी, मंत्र शक्ति साध सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-67

**कुंभ** — संतान सुख में वृद्धि होगी, पैसे की कमी दूर होगी, हास्य व्यंग्य, गायन, बीमा के क्षेत्र बढ़ेंगे, दुकानदारी चलेगी प्रेक्टिकल रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-79

**मीन** — पैसे को जोड़ने के लिए अच्छा समय है, दाम्पत्य जीवन में समस्या आ सकती है, नेतृत्व क्षमता अच्छी होगी कम्पनी में है तो लीड करेंगे। भाग्य प्रतिशत-71



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# जन कल्याण शिविर एवं मेले में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड भोजपुर परिसर में विकसित भारत की ओर भारत वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा : जन कल्याण शिविर एवं मेले का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष चेनपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेनपाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजू शिवाच एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुचेता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया है। विकसित भारत का संकल्प जनभागीदारी से ही साकार होगा। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक और आर्थिक विकास की आधारशिला बन रही हैं। प्रत्येक पात्र



व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया संचालित की गई। शिविर में ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, युवा, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं लाभार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर पीयूष वर्मा, जेएन राय, विपिन कुमार, ग्राम पंचायत सचिव, कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मेनोपॉज कोई बीमारी नहीं, महिलाओं के जीवन का स्वाभाविक चरण है: डॉ.श्रुति माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज एक महत्वपूर्ण और स्वाभाविक बदलाव का दौर होता है, जिसे लेकर समाज में आज भी अनेक भ्रांतियां और अनावश्यक आशंकाएं मौजूद हैं। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्रुति माहेश्वरी के अनुसार मेनोपॉज कोई बीमारी नहीं है, बल्कि बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं के शरीर में होने वाला एक प्राकृतिक परिवर्तन है। आमतौर पर 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच मासिक धर्म स्थायी रूप से बंद हो जाने की स्थिति को मेनोपॉज कहा जाता है।

डॉ श्रुति माहेश्वरी बताती हैं कि इस दौरान महिलाओं को कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक बदलावों का सामना करना पड़ सकता है। अनियमित मासिक धर्म, अचानक गर्मी महसूस होना (हॉट फ्लैशेस), रात में अत्यधिक पसीना



डॉ श्रुति माहेश्वरी

आना, नींद में परेशानी, चिड़चिड़ापन, थकान, जोड़ों में दर्द, वजन बढ़ना तथा याददाश्त और एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण सामान्य रूप से देखे जा सकते हैं। हालांकि हर महिला में ये लक्षण अलग-अलग स्तर पर दिखाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि मेनोपॉज के दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इन समस्याओं के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जिसमें फल, सब्जियां, कैल्शियम और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में शामिल हों। इसके साथ ही नियमित व्यायाम, योग, टहलना और तनाव प्रबंधन की गतिविधियां शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक होती हैं।

डॉ. माहेश्वरी ने हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी के पर्याप्त सेवन पर भी जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल की निगरानी रखने तथा समय-समय पर स्तन और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग कराने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यदि अत्यधिक रक्तस्राव, मासिक धर्म बंद होने के बाद भी रक्तस्राव, लगातार पेल्विक दर्द, गंभीर हॉट फ्लैशेस या अवसाद जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। डॉ. श्रुति माहेश्वरी का कहना है कि सही जानकारी, संतुलित जीवनशैली और समय पर चिकित्सकीय मार्गदर्शन के माध्यम से महिलाएं मेनोपॉज के बाद भी सक्रिय, स्वस्थ और बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन जी सकती हैं।

# ए न्यू होप फाउंडेशन ने वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था ए न्यू होप फाउंडेशन द्वारा गोविंदपुरी मेन मार्केट स्थित पंत पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने किया। इस दौरान पार्क परिसर में छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

वृक्षारोपण के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि कि तेजी से बढ़ रहे औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण पर्यावरण पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण देना है तो हमें अभी से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए



और उसकी देखभाल भी करे। कार्यक्रम के माध्यम से संस्था ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास खाली स्थानों पर पौधारोपण कर शहर को हरा-भरा बनाने का आह्वान किया। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान में रविंद्र कुमार के साथ गुरमीत सिंह, संतोष अग्रवाल, सुमन, आशीष, मोदी तथा संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# तैयारी : नीट यूजी पुर्नपरीक्षा निष्पक्ष,शांतिपूर्ण,पारदर्शी संपन्न करायेःडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार

## डीएम,एसपी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक दिये निर्देश

में जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह द्वारा संयुक्त समीक्षा बैठक कर परीक्षा को निष्पक्ष,पारदर्शी,शांतिपूर्ण कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने कहा कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात रहेगा।




सभी केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे,स्ट्रॉन्ग रूम,प्रवेश-निकास द्वार पर कैमरे अनिवार्य। बंद सीसीटीवी तुरंत चालू कराएं,मोबाइल,स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्ण प्रतिबंधित,अभ्यर्थियों की गहन तलाशी के बाद केन्द्र में प्रवेश मिलेगा,प्रवेश पत्र,फोटो आईडी का कड़ाई से सत्यापन। नकल की कोई गुंजाइश न रहे,प्रश्नपत्रों के सुरक्षित भंडारण, समयबद्ध वितरण और गोपनीयता पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छ शौचालय,पर्याप्त रोशनी अनिवार्य, सभी केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सही होनी चाहिए, प्राथमिक उपचार किट, एंबुलेंस, अग्निशमन दल तत्काल उपलब्ध रहने चाहिए,ट्रैफिक प्रबंधन,अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही,जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं,परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सोशल मीडिया पर पैनी नजर, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध में कांग्रेस ने धौलाना ब्लॉक में चलाया हस्ताक्षर अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा ब्लॉक स्तर पर एक विशेष हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की ग्रेट निकोबार परियोजना का कड़ा विरोध किया।

## लोगों को बेघर करने में जुटी है भाजपाः कुलदीप दीपक आत्रेय

कांग्रेस नेता कुलदीप दीपक आत्रेय का आरोप है कि भाजपा सरकार अपने पसंदीदा उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए ग्रेट निकोबार द्वीप पर 1.5 करोड़ से अधिक पेड़ों को काटने की तैयारी कर रही है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विनाशकारी कदम से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँचेगी और वहाँ सदियों से रहने वाली अनगिनत जनजातियाँ बेघर हो जाएँगी। प्रशासन और सरकार के इस फैसले के खिलाफ धौलाना ब्लॉक में आयोजित इस ब्लॉक स्तरीय हस्ताक्षर अभियान में स्थानीय जनता




और कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सोशल आउटरीच विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप अत्रे और धौलाना ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, एडवोकेट पवन कौशिक, आसिफ नकवी, महिपाल जाटव, हरीश शर्मा, मुकेश शर्मा, रोहित सिंह, अजय सिंह, एडवोकेट राजीव शर्मा सहित कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण और जनजातियों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू किसान सभा ने की पंचायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कुटी रोड स्थित कुटिया कुंज में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी तथा राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में हुई। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन के समक्ष उनका समाधान कराने की मांग उठाई गई।



पंचायत में किसान नेता सत्येंद्र त्यागी ने गन्ना भुगतान में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शुगर मिलों पर बकाया भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा नहरों की सफाई व्यवस्था, सफाई कार्य में अनियमितताओं तथा जर्जर विद्युत लाइनों के कारण हर वर्ष फसलों को होने वाले नुकसान का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने कहा कि खेतों में लटक रही जर्जर बिजली लाइनें किसानों के लिए खतरा बनी हुई हैं, जिससे आग लगने की घटनाओं में फसलें नष्ट हो जाती हैं और प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिल पाता। पंचायत में मौजूद किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। पंचायत के दौरान अनु त्यागी को मेरठ मंडल प्रभारी मनोनीत किया गया तथा करीब 100 लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत में अनिल त्यागी, हैप्पी त्यागी, आकाश त्यागी, अमित जाखड़, हरिओम त्यागी, अमरीश त्यागी, रोहित त्यागी, सचिन त्यागी, मुकुट प्रजापति, रजनीश त्यागी, उमेश त्यागी, बादल चौधरी, श्याम वर्मा, सुनील त्यागी, मनोज त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मारा छापा : 4285 किलोग्राम खाद्य पदार्थों की बिक्री पर तत्काल रोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने गिन्नौर माफी से तीन, मझोला मंडी से तीन, पीलीकोठी, कोहिनूर तिराहा, रेहटा माफी, बिलारी, चौमुखापुल स्थित वी-मार्ट रिटेल स्टोर से एक-एक नमूना लिया। इन सभी दुकानों पर मसालों, सास, अचार और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। जांच में संदिग्ध पाए गए करीब 4,285 किलोग्राम खाद्य पदार्थों की बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 1,69,755 रुपये आंका गया।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ग्रेड टू राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के अनुसार, 360 किलो सोया सास, 285 किलो टमाटो सास, 375 किलो लौकी पेस्ट, 855 किलो स्नैक्स सास, 675 किलो आंवला पल्प, 150 किलो साबुत धनिया, 75 किलो मेथी पाउडर, 40 किलो हल्दी पाउडर, 100 किलो पिसा धनिया, 10 किलो टार्टरिक-सिट्रिक एसिड, 1,000 किलोग्राम मेथी और 360 किलोग्राम नमक को जांच पूरी होने तक बिक्री से रोक दिया है। अभियान के दौरान आठ प्रतिष्ठानों से कुल 12 नमूने लिए गए। इनमें हल्दी पाउडर, टमाटो सास, गोंगलू ब्रांड आम का अचार, मिक्स वेज अचार, मस्टर्ड आयल, खट्टी-मीठी नींबू चटनी, मैंगो पिकल, मायंक गोल्ड मसाला चाय, मिक्स पिकल तथा वेज मेयोनीज जैसे उत्पाद शामिल हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से दुकानदारों में दिनभर हलचल मची रही। जांच रिपोर्ट आने के बाद मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भागीरथी तीर्थ से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण, चले बुलडोजर

बुलंद संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** भागीरथी तीर्थ परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई की। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने दो बुलडोजरों की मदद से कुंड के किनारे किए गए अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। लोगों को पहले ही चेतावनी दी गई थी, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर कार्रवाई की गई। अब तीर्थ की भूमि पर बनी अन्य दुकानों और निमार्णों की भी जांच कराई जा रही है।

रायसत्ती स्थित प्राचीन भागीरथी तीर्थ परिसर में लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही थीं। कुंड के किनारे टीन शेड लगाकर भूसे का भंडारण और बिक्री की जा रही थी, जिससे तीर्थस्थल का अस्तित्व छिपा हुआ था। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया। बुधवार को राजस्व विभाग, नगर पालिका परिषद और पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो बुलडोजरों की मदद से अवैध टीन शेड और अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि हाल ही में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने भागीरथी तीर्थ का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान तीर्थ परिसर में अतिक्रमण मिलने पर उसे हटाने के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को पहले चेतावनी देकर स्वयं कब्जा हटाने का अवसर दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्राथमिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि तीर्थ की भूमि पर कुछ स्थायी दुकानें और अन्य निर्माण भी किए गए हैं। इस संबंध में तहसीलदार को जांच सौंपी गई है। राजस्व अभिलेखों का मिलान कर यह देखा जा रहा है कि कौन-कौन से निर्माण तीर्थ की भूमि पर हुए हैं। भागीरथी तीर्थ संभल की महत्वपूर्ण 68 तीर्थो में शामिल है और इसके संरक्षण तथा सुंदरीकरण के लिए चल रहे प्रयासों के तहत कार्रवाई की गई है। बुलडोजर से कुंड में जमी घासफूस हटाई जा रही है। इसके बाद पालिका इसको संरक्षित करने के लिए प्रयास कर रही है और वंदन योजना के तहत इसके जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रुपये भी शासन से स्वीकृत हो चुके हैं। जल्द ही इसपर कार्य शुरू हो जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, कार्यवाहक ईओ कार्तिक यादव, पालिका के अवर अभियंता निर्माण अमन वर्मा के साथ रायसत्ती थानाध्यक्ष राजीव मलिक भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाज सेवी इकबाल सैफी की वालिदा का इंतकाल, जौहर के किया सुपुर्द-ए-खाक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** समाज सेवी इकबाल सैफी की वालिदा का बीती रात इंतकाल हो गया है। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और समाज के लोगों में शोक की लहर है। इकबाल सैफी के अनुसार, मरहूमा का सुपुर्द-ए-खाक आज नमाज-ए-जोहर के बाद मन्नत रेस्टोरेंट के पास, एम.जी. रोड, शेखूपुर खिचरा, किया गया जनपद हापुड़ में होगा। इस दुखद अवसर पर समाज के लोगों ने मरहूमा के लिए दुआ-ए-मगफिरत की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अल्लाह तआला मरहूमा की मगफिरत फरमाए, उनकी कब्र को नूर से भर दे, उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए तथा परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति और सब्र-ए-जमील अता फरमाए।

### मुरादाबाद सहित सभी जनपदों में खुलेंगे "नए सार्वजनिक पुस्तकालय"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** स्क्रीन से दूर किताबों और समाचार पत्रों को पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाएंगे। सरकार की सार्वजनिक पुस्तकालय अनुदान योजना और राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। 20 जुलाई तक आनलाइन व आफलाइन आवेदन किया जा सकता है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डा. दिनेश कुमार के अनुसार नगरीय, ग्रामीण, अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित



सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकीय सहायता, फर्नीचर और अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा। 20 जुलाई तक पुस्तकालय संचालन के इच्छुक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय या वेबसाइट www.online.rrrlf.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। इसकी स्थापना में जरूरी संसाधनों की व्यवस्था होगी जिससे विद्यार्थियों में पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ सके।हरदोई, सीतापुर, खीमपुर खीरी, उन्नाव और रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह पठन-पाठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों के लिए आवेदन कराएं। इससे प्रदेश में पुस्तकालयों के संसाधनों को सुदृढ़ करने व विद्यार्थियों में स्क्रीन से दूर होकर पठन संस्कृति को नई गति मिलेगी।

**स्वागत** प्रमाण पत्र मिलने के बाद तहसील बार एसोसिएशन बिलारी ने तहसीलदार न्यायालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर उनका उत्साहवर्धन किया

# बिलारी के अधिवक्ता आतिफ कमाल को मिला सीओपी प्रमाण पत्र, बार एसोसिएशन ने किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी/मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी )।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल प्रयागराज ने तहसील बार एसोसिएशन बिलारी के सक्रिय अधिवक्ता और भाजपा नेता आतिफ कमाल एडवोकेट को सीओपी यानी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस जारी कर दिया है। प्रमाण पत्र मिलने के बाद तहसील बार एसोसिएशन बिलारी ने तहसीलदार न्यायालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में मौजूद रहे पदाधिकारीः इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, महासचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष जवर सिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवान शरण माथुर और पूर्व अध्यक्ष चौधरी अजयपाल सिंह समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

सभी पदाधिकारियों ने आतिफ कमाल एडवोकेट को सीओपी प्रमाण पत्र सौंपकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कौन हैं आतिफ कमाल एडवोकेटः आतिफ कमाल वर्ष 2013 में बार काउंसिल में पंजीकृत हुए थे। वह





बिलारी तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता और वरिष्ठ पत्रकार आफाक हुसैन एडवोकेट के पुत्र हैं। आफाक हुसैन अलग अलग वर्षों में छह बार तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। आतिफ कमाल खुद भाजपा के सक्रिय नेता हैं और वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं।

सहकारिता और समाजसेवा में सक्रियः आतिफ कमाल सहकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वह स्योडारा सहकारी संघ के उपसभापति हैं। उनकी पत्नी नाजिश जहां एडवोकेट भी थांवला सहकारी समिति की संचालक हैं। समाजसेवा के कार्यों के चलते आतिफ कमाल की बिलारी क्षेत्र में अच्छी पहचान है।

सीओपी की अनिवार्यताः तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नए आदेशों के तहत अब केवल वही अधिवक्ता अदालतों में अपना वकालतनामा दाखिल कर सकेंगे जिनके पास सीओपी प्रमाण पत्र होगा। यह प्रमाण पत्र अधिवक्ता की सक्रिय प्रैक्टिस का प्रमाण होता है। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और आतिफ कमाल के सम्मान में नारेबाजी भी की।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत,लगभग 20 करोड के मादक पदार्थों को किया नष्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** बुधवार को ऑपरेशन दहन के तहत नशे के विरुद्ध सम्भल पुलिस ने जनपद के 5 थानों पर पंजीकृत 20 अभियोगो में बरामद 12343.74 किलोग्राम कुल (अनुमानित मूल्य 185498500 रुपये) से अधिक मादक पदार्थों का किया विनिष्टीकरण जनपद सम्भल , उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशो के क्रम में, नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु जनपद सम्भल में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत आज एक महत्वपूर्ण कार्यवाही संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में, जनपद के विभिन्न थानों द्वारा जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों को आज विधिवत नष्ट किया गया।

थाना बहजोई , हयातनगर, कैलादेवी,बनियाठेर, जी0आर0पी0 चन्दौसी से संबंधित कुल 20 अभियोगों में न्यायालय के आदेशानुसार निस्तारित किए गए 12343.74 किलोग्राम (अनुमानित मूल्य 185498500 रुपए) अट्ठारह करोड़ चव्वन लाख अट्ठानवे हजार पांच सौ रुपये, अवैध मादक पदार्थों (डोडा, नशीला पाउडर नशीली गोलिया,चरस आदि) का विनिष्टीकरण किया गया। विषाक्त पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण हेतु निर्धारित मानकों का पालन करते हुए यह कार्यवाही संयंत्र प्रबंधक श पंकज कुमार पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड बबराला जनपद संभल व उनकी टीम द्वारा संपन्न करायी गयी। पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए उच्च क्षमता वाले 'इंसीनरेटर' के माध्यम से इन पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया। संपूर्ण विनिष्टीकरण प्रक्रिया अपर पुलिस अधीक्षक(दक्षिणी) सम्भल मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी लाईन स्तुति सिंह की उपस्थिति एवं गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में यह कार्यवाही पारदर्शी तरीके से फोटो एवं विडियोग्राफी कराकर सुरक्षा उपायों सहित पूरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई । प्रभारी नार्कोटिक निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, का0 मृगनेन्द्र प्रताप सिंह,तथा सम्बन्धित थानों के हेडमोहर्रिर भी उपस्थिति रहे । 'ऑपरेशन दहन' के माध्यम से सम्भल पुलिस यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत भविष्य में भी इस प्रकार की निस्तारण कार्यवाहियां जारी रहेंगी।



# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत मेगा कैंपों में शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (लायबा नूर)।** रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा आयोजित मेगा कैंप और विशेष स्मार्ट मीटर काउंटर उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

अधीक्षण अभियंता (हाइडेल) हिमांशु वार्ष्णेय के अनुसार, 15 मई से 30 जून 2026 तक चलने वाले इन विशेष कैंपों में अब तक 1074 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शत-प्रतिशत निस्तारण कर दिया है। इसके साथ ही, निगम ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से प्रीपेड मोड से हटाकर पोस्टपेड मोड में बदलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इन कैंपों में उपभोक्ताओं को श्यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐपश के इस्तेमाल की भी विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। विद्युत निगम ने

**एसई हाइडेल हिमांशु वार्ष्णेय ने दी जानकारी, उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए मिलेगी 15 दिन की मोहलत, 30 जून तक जारी रहेंगे विशेष काउंटर**

उपभोक्ताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए बड़ा बदलाव लागू किया है। एसई हाइडेल हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि कारपोरेशन के आदेश के तहत सभी स्मार्ट मीटर अब प्रीपेड की जगह पोस्टपेड मोड में काम करेंगे। इसके लिए कैंपों में उपभोक्ताओं को प्रीपेड से पोस्टपेड मोड में परिवर्तन संबंधित विशेष सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही उपभोक्ताओं को अब बिल निर्गमन की तिथि से 15 दिन का ड्यू डेट दिया जाएगा। यदि उपभोक्ता इस अवधि में बिल जमा नहीं कर पाते हैं, तो इसके उपरांत उन्हें 7 दिन का श्डिस्कनेक्शन डेटश मिलेगा। यह दोनों तिथियां उपभोक्ता के बिल पर स्पष्ट रूप से अंकित होंगी। मंडल के अधीन सभी वितरण खंडों में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना जा रहा है। एसई हिमांशु वार्ष्णेय ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई से 17 जून के बीच सबसे ज्यादा 333 शिकायतें स्मार्ट मीटर ऐप को लेकर आईं। इसके अलावा मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए 313, विद्युत बिल संशोधन के लिए 273 और अन्य श्रेणियों की 155 शिकायतें दर्ज की गईं। विभाग ने इन सभी 1074 शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही समाधान कर दिया है।

# मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, सीओ व कोतवाल ने की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** आगामी मुहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली परिसर में पुलिस प्रशासन की ओर से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी विवेक जावला एवं प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने की। इसमें मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों, ताजियादारों तथा विभिन्न मोहल्लों के जिम्मेदार नागरिकों ने भाग लिया।



बैठक में अधिकारियों ने कहा कि मुहर्रम के दौरान परंपरागत तरीके से ताजिया एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ताजियादार, मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग तथा नगर के विभिन्न मोहल्लों के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# योग शिविर के 28वें दिन स्वास्थ्य मंत्रों से महिलाओं को किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी द्वारा योगाचार्य सुशील आर्य पतंजलि के नेतृत्व में आयोजित एक माह के योग शिविर का 28वां दिन उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। प्रतिभागी महिलाओं ने नियमित योगाभ्यास से शरीर में हल्कापन, बेहतर लचीलापन, संतुलित ऊर्जा और मानसिक शांति का अनुभव साझा किया। शिविर में जारई के वैद्य हरिओम ने विशेष रूप से स्वास्थ्य, खानपान और जीवनशैली पर जानकारी दी। उन्होंने ताड़ासन, त्रिकोणासन व वीरभद्रासन के लाभ बताते हुए प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से नर्वस सिस्टम को शांत रखने के उपाय बताए। साथ ही नेत्रों, बालों और संतुलित भोजन के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए।

उन्होंने कहा, भोजन को आधा करो, सब्जी को दूना, हंसने को तिगुना और पानी को चौगुना करो। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रीता अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहीं।



# बहू-बेटे पर मारपीट व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप,पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लायबा नूर)।** असमोली थाना क्षेत्र के जुलाहों वाला मोहल्ला निवासी एक महिला ने अपनी पुत्रवधू, पुत्र व अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट,गाली-गलौज और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना असमोली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पीड़िता सोमवती पत्नी महेश ने बताया कि उसका परिवार मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करता है। आरोप है कि उसका पुत्र विनीत शराब का आदी है और उसकी पत्नी ज्योति आए दिन घर में विवाद करती रहती है।20 मई को ज्योति ने अपने मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर गाली-गलौज की और घर से निकालने की धमकी दी थी। किसी तरह मामला शांत कराया गया,लेकिन इसके बाद से लगातार विवाद बढ़ता गया।तहरीर के अनुसार 16 जून की सुबह ज्योति ने उसकी दूसरी बहू शीतल पर लोहे की बाल्टी फेंककर हमला किया और विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया।दोपहर में फिर गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश की गई।शाम को भी विवाद बढ़ा,जब ज्योति ने अपने पति को उकसाकर झगड़ा कराया।अगले दिन 17 जून को सुबह करीब छह बजे दूध निकालते समय ज्योति ने डंडे से गाय को मार दिया,जिससे दूध गिर गया।

आरोप है कि इसके बाद पीड़िता, उसके पति और पुत्र के बीच मारपीट हुई। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने बीच-बचाव किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे, उसकी बहू शीतल और पुत्र यशपाल को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं।

# मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** क्लेक्ट्रैट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं से पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई एवं अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराने का आह्वान किया।

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक की गई आयोजित**

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अथवा भ्रामक सामग्री प्रसारित न करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने व की अपील की एवं किसी भी नई परम्परा शुरू ना करने की हिदायत दी गयी।

बैठक में ताजिया जुलूस, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



मीटिग में सभी सभ्रान्त व्यक्तियों से पर्व पर सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारीगण व अन्य पुलिस/प्रशासन के अधिकारीगण एवं सभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहें ।

# काम, क्रोध और लोभ को त्याग कर योग के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति परम गति को प्राप्त होता है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के शंकर इंटर कॉलेज में बुधवार को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति व नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में रोग के आधार पर चल रहे सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पतंजलि राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, विकास गोयल, उज्ज्वल सक्सेना, कृष्णा ग्रेवाल, संजय गुप्ता, सीमा शर्मा, हरिओम देवल, महेंद्र देवल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कुलदीप ऐरन ने सभी योग साधकों को आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय (आत्मसंयमयोग) के 37वें और 38वें श्लोक में अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण से यही संशय पूछ रहे हैं कि जो साधक जिन साधकों का अपनी इंद्रियों पर कंट्रोल नहीं रहता है उसकी क्या गति होती है। अर्जुन के इस व्याकुल प्रश्न का उत्तर भगवान श्रीकृष्ण इसके तुरंत बाद, यानी 39वें से 45वें श्लोक के बीच बहुत ही सुंदर और आश्वस्त करने वाला देते हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन के मन का सारा डर दूर करते हुए कहते हैं कि आध्यात्मिक मार्ग (योग) पर चला गया एक भी कदम कभी बेकार नहीं जाता। श्रीकृष्ण कहते हैं, हे पार्थ। प्यारे अर्जुन! आत्म-कल्याण के लिए अर्थात भलाई के मार्ग पर चलने वाला कोई भी व्यक्ति कभी भी दुर्गति को प्राप्त नहीं होता। वह पुरुष अपने शुभ कर्मों के कारण पहले स्वर्ग आदि पवित्र लोकों में जाता है और वहां कई वर्षों तक सुख भोगता है। सदाचारी परिवार में जन्मः इसके बाद, वह पृथ्वी पर किसी पवित्र, सदाचारी और समृद्ध मनुष्यों के घर में जन्म लेता है। या फिर वह सीधे किसी ऐसे योगी या ज्ञानी पुरुष के परिवार में जन्म लेता है जो आत्मज्ञान से संपन्न हो। योग शिविर के तीसरे दिन पेट की बीमारियों कब्ज, गैस और एसिडिटी को जड़ से खत्म करने के लिए योगिंग-जॉगिंग और प्राणायाम विशेषकर कपालभाति के साथ-साथ मंडूकासन, पवन मुक्तासन, शशकान, वज्रासन, पवन मुक्तासन , उत्तानपादासन, पाद वृत्तासन, शशकासन, पश्चिमोत्तानासन, योगमुद्रासन कराये गये।

**आयुष विभाग के डॉ. प्रदीप त्यागी ने फैटी लीवर, कब्ज, गैस और पेट की अन्य समस्याओं से राहत दिलाने वाली दवाओं का वितरण किया**

जिला अस्पताल की टीम ने 31 लोगों के रक्त सैंपल लिए। इन सैंपल से उनका पूरे शरीर की जांच की जाएगी। आयुष विभाग के डॉ. प्रदीप त्यागी ने फैटी लीवर, कब्ज, गैस और पेट की अन्य समस्याओं से राहत दिलाने वाली दवाओं का वितरण किया। योग शिविर में पेट के विभिन्न रोगों के उपचार में अत्यंत गुणकारी और लाभकारी 'सर्वकल्प क्वाथ' काढ़े का भी वितरण किया गया।

# 'ऑपरेशन दहन' के तहत 18.54 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ नष्ट, जीआरपी चंदौसी समेत पांच थानों के 20 मुकदमों से जुड़े थे बरामदगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए संभल पुलिस ने budhvar को 'ऑपरेशन दहन' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जीआरपी चंदौसी समेत पांच थानों में दर्ज 20 मुकदमों में बरामद 12,343.74 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया। नष्ट किए गए नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत 18 करोड़ 54 लाख 98 हजार 500 रुपये आंकी गई है।



पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में न्यायालय के आदेशानुसार थाना बहजोई, हयातनगर, कैलादेवी, बनियाठेर और जीआरपी चंदौसी से संबंधित मामलों में जब्त डोडा, चरस, नशीला पाउडर व नशीली गोलियों को बबराला स्थित पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड के उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से नष्ट किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। विनिष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी लाइन स्तुति सिंह तथा गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में फोटो और वीडियोग्राफी के साथ संपन्न कराई गई। प्रभारी नारकोटिक्स निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, कांस्टेबल मृगनेन्द्र प्रताप सिंह और संबंधित थानों के हेड मोहर्रिर मौजूद रहे। संभल पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रभार हटने के बाद भी डीपीआरओ कर रहे हस्ताक्षर, नियमों पर उठे सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** पंचायत राज विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) का प्रभार हटाए जाने और अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपे जाने के बावजूद विभागीय पत्रों एवं आदेशों पर अब भी पूर्व अधिकारी के हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी से जिला पंचायत राज अधिकारी बने अधिकारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कथित तौर पर लेन-देन की बात सामने आई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच समिति गठित की थी। साथ ही डीपीआरओ के पद का प्रभार जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) को सौंप दिया गया था। नियमों के अनुसार किसी पद का प्रभार जिस अधिकारी को सौंपा जाता है, विभागीय कार्यवाही, आदेश, पत्राचार और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार उसी अधिकारी के पास होता है। लेकिन विभागीय सूत्रों का दावा है कि प्रभार हस्तांतरण के बाद भी पूर्व




डीपीआरओ द्वारा अपने हस्ताक्षर से पत्रांक और आदेश जारी किए जा रहे हैं।

अब सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी के आदेश का पूर्ण रूप से पालन हो रहा है या फिर विभागीय स्तर पर नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।इस स्थिति ने विभागीय कार्यप्रणाली और प्रशासनिक नियमों के पालन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि प्रभार किसी अन्य अधिकारी के पास है तो फिर आदेश जारी करने और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार किसके पास है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस संबंध में क्या कार्रवाई करता है।

# परिवार परामर्श केंद्र में छह टूटते रिश्तों को मिला नया सहारा, दंपतियों में हुआ समझौता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

चंदौसी। पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में परामर्श केंद्र प्रभारी एवं थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों से संबंधित कुल 27 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। काउंसलरों के सहयोग से 11 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें छह परिवारों को आपसी समझाइश के बाद दोबारा साथ रहने के लिए राजी कर उनका घर बसाया गया। वहीं पांच पत्रावलियां आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



मोहर्रम का चांद

## इमामबाड़ों में हुआ मजलिस का सिलसिला शुरू

# मोहर्रम का चांद नजर आते ही शोक में डूबा मुस्लिम समाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**उझारी।** मोहर्रम का चांद नजर आते ही मुस्लिम समाज शोक में डूब गया है। जैसे ही फलक पर मोहर्रम का चांद नमूदार हुआ, वैसे ही अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया है। लोगों ने अपने घरों पर व मौहल्ले में काले झण्डे लगा दिए हैं।

बताते चले कि अरबी कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम की शुरूआत हो चुकी है। मोहर्रम का चांद नजर आते ही मुस्लिम समाज शौक में डुब गया है। उझारी स्थित अजाखाना ए बाबुल हावईज (बड़ा इमामबारगाह) में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मर्सिया ख्वानी जीशान हैदर और उनके हमनवाओं ने की तथा पैशख्वानी सैयद बिलाल बाकरी ने की। मजलिस को मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए मौलाना सैय्यद हसीन अख्तर ने खिताब फरमाया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम वो महीना है कि जिसमें रसूल के नवासे को तीन दिन का भूका प्यासा शहीद किया गया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने कुबार्नी देकर फक्त इस्लाम को ही नहीं बचाया बल्कि इंसानियत को भी बचाया है। आज रसूल का दीन जो लोगों तक पहुंचा है और बाकी है, ये इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुबार्नी का नतीजा है। हम पर भी लाज़िम है कि हम उनकी कुबार्नी को याद करें और उनके गम में गमजदा हो जाऐं। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कुबार्नी देकर इस्लाम को कयामत तक के लिए जिंदा कर दिया। अब कोई कयामत तक इस्लाम का नाम नहीं मिटा सकता है। आखिर में मौलाना ने मसाईब ए कर्बला बयान किए। जिसे सुनकर अजादार दहाड़ें मार-मार कर रोने लगे। नोहाखानी सज्जाद हैदर ने की। इस मौके पर मुख्य रूप से मौलाना सरकार मेंहदी, नूरुल हसन, मास्टर रहबर अब्बास, हुसैन मेहंदी, कमर मेहंदी, शाने असगर, सलमान हसन, इब्ने अब्बास, मोहम्मद असगर, बन्दे हसन, शफीउल हसन, जफर अब्बास, अली चाद, मोहम्मद जमा, शोएब जैदी, मेहंदी हसन आदि बड़ी संख्या में अजादार मौजूद रहे।



# प्रभार हटने के बाद भी डीपीआरओ कर रहे हस्ताक्षर, नियमों पर उठे सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** पंचायत राज विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) का प्रभार हटाए जाने और अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपे जाने के बावजूद विभागीय पत्रों एवं आदेशों पर अब भी पूर्व अधिकारी के हस्ताक्षर किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी से जिला पंचायत राज अधिकारी बने अधिकारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कथित तौर पर लेन-देन की बात सामने आई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच समिति गठित की थी। साथ ही डीपीआरओ के पद का प्रभार जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) को सौंप दिया गया था।

नियमों के अनुसार किसी पद का प्रभार जिस अधिकारी को सौंपा जाता है, विभागीय कार्यवाही, आदेश, पत्राचार और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार उसी अधिकारी के पास होता है। लेकिन विभागीय सूत्रों का दावा है कि प्रभार हस्तांतरण के बाद भी पूर्व डीपीआरओ द्वारा अपने हस्ताक्षर से पत्रांक और आदेश जारी किए जा रहे हैं।


कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी,सम्भल।


कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी,सम्भल।

अब सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी के आदेश का पूर्ण रूप से पालन हो रहा है या फिर विभागीय स्तर पर नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।

इस स्थिति ने विभागीय कार्यप्रणाली और प्रशासनिक नियमों के पालन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि प्रभार किसी अन्य अधिकारी के पास है तो फिर आदेश जारी करने और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार किसके पास है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस संबंध में क्या कार्रवाई करता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## डीसीएम ने कार में वाली टक्कर: तीन गंभीर रूप से घायल, कार चालक की उपचार के दौरान मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाना छजलैट क्षेत्र में बीती रात डीसीएम के चालक द्वारा कार में टक्कर मारने से कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान कार चालक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जनपद फरुर्खाबाद के थाना क्षेत्र कादरी गेट निवासी प्रमोद पुत्र मूल सिंह अपनी बैगन आर कार चला कर मुरादाबाद छजलैट हाईवे से हरिद्वार जा रहे थे। कार में उनके अलावा फरुर्खाबाद निवासी विकास पुवील, प्रशांत उर्फ गोलू सवार थे। मंगलवार की रात्रि करीब 10:00 बजे जैसे ही वह थाना छजलैट क्षेत्र के कैंच की पुलिया के पास पहुंची। बिजनौर की ओर से आ रही डीसीएम के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलते हुए कार में सामने से टक्कर मार दी।



कार में सवार चालक प्रमोद, विकास पुवील गंभीर रूप से घायल हो गए तथा प्रशांत के मामूली चोट आई। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। जहां कार चालक प्रमोद की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में योग एवं वेलनेस जागरूकता सत्र आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस द्वारा एक विशेष योग एवं वेलनेस

### योग से स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता का संदेश

जागरूकता सत्र का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। यह आयोजन कॉलेज के डीन प्रो. (डॉ.) आर.के. जैन के संरक्षण में विश्वविद्यालय के योग हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतवान सिंह ने सत्र



का सफल संचालन करते हुए योग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति श्रीवास्तव को आमंत्रित किया, जिन्होंने अपनी छात्राओं सुश्री कृतिका, सुश्री सोमाश्री एवं डॉ. मुस्कान के साथ मिलकर प्रतिभागियों को योग एवं वेलनेस की विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरूआत योग और स्वस्थ जीवन शैली पर केंद्रित एक प्रेरणादायक परिचर्चा से हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने योग को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन और समग्र स्वास्थ्य प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज तथा वेलनेस तकनीकों का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञों ने सही श्वास तकनीकों और नियमित योगाभ्यास के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि योग न केवल रोगों से बचाव में सहायक है, बल्कि व्यक्ति के आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। इस अवसर पर केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के संकाय सदस्यों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और योग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने योग के विभिन्न आयामों को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।

सत्र के समापन पर दीर्घकालिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक जीवनशैली के लिए योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए इसकी सराहना की।

यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य एवं वेलनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि प्रतिभागियों को एक संतुलित, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रेरित करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास भी सिद्ध हुआ।

## बझैड़ा खुर्द में विकास को मिली रफ्तार, खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गांव बझैड़ा खुर्द में लंबे समय से जर्जर मार्ग की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जिला पंचायत सदस्य सुरेश तोमर

### ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, आवागमन की समस्या होगी दूर

ने गांव में करीब 700 मीटर लंबे खड़ंजा मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग खराब होने के कारण लोगों को रोजाना आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बरसात के मौसम में रास्ता कीचड़ से भर जाता था, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। अब खड़ंजा निर्माण होने से गांव के लोगों को बेहतर



और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

जिला पंचायत सदस्य सुरेश तोमर ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, नाली, खड़ंजा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान प्रदीप सिसोदिया, मास्टर सुशील तोमर, देवेंद्र तोमर, रविंद्र, पप्पू सेठ, हरवीर सिसोदिया, रतन पाल सिसोदिया और ओमवीर राणा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## योग जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनाए फिटनेस के सूत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** राजपूताना रेजिमेंट इंटर कॉलेज में आयोजित योग सप्ताह के दूसरे दिन छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूक करना रहा।





कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना डागर ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके कारणों तथा बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या से व्यक्ति कई बीमारियों से दूर रह सकता है। योग प्रशिक्षक ओमपाल सिंह ने छात्राओं को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। नोडल अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है, जिसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में वंशिका, रियां, कबीर, वैभव, गोरख, सतपाल सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

## ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला में प्रतिभागियों ने बटोरी वाहवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)** । इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश एवं संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यशाला में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद अनुप्रीत कौर, तारिका माटा एवं अर्चना शर्मा का संस्थान की ओर से स्वागत किया गया। अतिथि समाजसेविका अनुप्रीत कौर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं तथा युवाओं को कला के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार लिप्टन आर्ट, स्कल्पचर, कैलीग्राफी, एक्रेलिक पेंटिंग तथा पेपर क्विलिंग सहित विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों और कला



प्रेमियों ने कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। कार्यशाला की समन्वयक डॉ रुचि विद्यार्थी ने प्रतिभागियों, अभिभावकों और कला प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, प्रीति शर्मा, प्रशांत झा, अंजलि, स्वीटी, दीपांशु, शीतल रानी, अक्षिता वर्मा, आभा शर्मा और पलक अत्रे सहित संस्थान के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## रोक के बावजूद नहीं थमा निर्माण,तालाब की जमीन पर फिर उठी दीवारें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** कालंद चुंगी स्थित तालाब की

- पालिका अध्यक्ष ने एसडीएम को पत्र भेजकर अवैध निर्माण ध्वस्त कराने और पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की
- पहले भी रुकवाया गया था निर्माण, अब ध्वस्तीकरण के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग

भूमि पर कथित अवैध निर्माण का मामला एक बार फिर सामने आया है।नगर पालिका की अध्यक्ष शबीला अंसारी ने उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने की मांग की है।पालिका अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि कालंद चुंगी स्थित तालाब की भूमि, खसरा संख्या 1877 पर कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि संबंधित पक्ष को पहले भी पालिका और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया।



पत्र के अनुसार 16 जून को नगर पालिका के निर्माण लिपिक मनोज कुमार और कर्मचारी सोहनवीर मौके पर पहुंचे थे और निर्माण कार्य रुकवा दिया था। इसके बाद भी संबंधित लोगों द्वारा कथित रूप से निर्माण कार्य जारी रखा गया।पालिका अध्यक्ष ने मामले को गंभीर बताते हुए उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि लेखपाल, मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई कर तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाए। उनका कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति और तालाब की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नियमों के विरुद्ध है।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। अब लोगों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।

## विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों से संपर्क

### भाजपा कार्यकर्ताओं से जनहित योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

कर संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी





पहुंचाएं तथा लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुनें।उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य केवल उपलब्धियों का प्रचार नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच संवाद को मजबूत बनाना भी है। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, जनसेवा और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम में निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी अमित टांक, जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, अखिलेश मित्तल, राजू त्यागी, विश्व प्रकाश शर्मा, अंकुर गोयल, गुड्डू प्रजापति, नरेंद्र सैनी, नरेश भारती, विनय कोरी, अंकुर गहलौत सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य लोग मौजूद रहे।

## सपा के जोन स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भीड़ नदारद, बाबा विजय देवनाथ ने सांसद नीरज मौर्या पर उठाए सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** समाजवादी पार्टी का विधानसभा स्तरीय जोन प्रभारी कार्यकर्ता सम्मेलन बिशारतगंज के एक शादी हाल में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद नीरज मौर्या थे, लेकिन कार्यक्रम में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। बाबा योगी विजय देवनाथ ने वीडियो वयरल कर सांसद नीरज मौर्या पर निशाना साधा। उन्होंने बहुचर्चित मोहम्मदगंज नमाज प्रकरण और बेहटा बुजुर्ग में पारंपरिक भैंसे की कुबार्नी पर रोक के मुद्दे को उठाया।



बाबा विजय देवनाथ ने कहा कि इन संवेदनशील मुद्दों पर सांसद की खामोशी से क्षेत्रीय जनता नाराज है।उन्होंने आरोप लगाया कि पुरानी परंपराओं पर रोक और धार्मिक मामलों में प्रशासनिक कार्रवाई के समय जनप्रतिनिधियों का मौन रहना उचित नहीं है। सम्मेलन में कुर्सियां खाली देखे जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में सपा के जमीनी जनाधार को लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं। उधर, सपा नेताओं का कहना है कि सम्मेलन सफल रहा और कार्यकताओं में उत्साह है।

## दो बच्चों के साथ लापता हुई महिला,पुलिस से लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अचपलगढ़ी निवासी एक महिला अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर पति ने पुलिस को तहरीर देकर महिला और बच्चों की खोजबीन की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव अचपलगढ़ी निवासी नीरज की पत्नी नीतू सोमवार सुबह अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर घर से निकली थी। परिजनों के मुताबिक महिला ने घर से निकलते समय श्यामपुर ददायरा स्थित मायके जाने की बात कही थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने मायके और अन्य रिश्तेदारों से संपर्क किया, जहां पता चला कि महिला वहां भी नहीं पहुंची है। महिला और बच्चों के अचानक गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में भी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। महिला और बच्चों की तलाश के लिए पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## भारत विकास परिषद की कार्यशाला में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा पिलखुवा द्वारा फूड वैली रेस्टोरेंट में शाखा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यशाला में प्रांतीय महासचिव मुक्ता अग्रवाल, प्रांतीय वित्त सचिव प्रवेश गुप्ता तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश गोयल ने परिषद की गतिविधियों, संगठनात्मक ढांचे और विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रांतीय महासचिव मुक्ता अग्रवाल ने संगठन को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त बनता है। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव प्रवेश गुप्ता ने वित्तीय प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश गोयल ने शाखा की विभिन्न गतिविधियों और संयोजकों के दायित्वों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर अतिथियों का तिलक, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शक बीना गोयल ने किया, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार अशोक गोयल ने अपनी रचनाओं से उपस्थितजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिव हिमानी बंसल, कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल एवं शालू बंसल सहित शाखा पदाधिकारियों ने संभाली।



### आयोजन — फिट इंडिया मूवमेंट को मिला ग्रामीणों का साथ

## उन्नत भारत प्रकोष्ठ ने साइक्लिंग और रनिंग से जगाई स्वास्थ्य चेतना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के उन्नत भारत प्रकोष्ठ द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत गोद लिए गए ग्राम पेपला,भोला रोड, मेरठ में स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिलिंग एवं रनिंग गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें फिट इंडिया, स्ट्रांग इंडिया अभियान से जोड़ना था। कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं अन्य ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक दौड़ एवं साइक्लिंग गतिविधियों में सहभागिता करते हुए स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान फिटनेस के प्रति जागरूकता और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।इस कार्यक्रम का संचालन उन्नत भारत प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. शशिराज तेवतिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री अनिल कुमार जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को नियमित व्यायाम, खेलकूद तथा सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत और विकसित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त एवं स्वास्थ्य-केंद्रित जीवनशैली अपनाने का भी आह्वान किया।




अपने संबोधन में डॉ. शशिराज तेवतिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन किसी भी समृद्ध समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन-जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का राष्ट्रीय प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम, दौड़, साइक्लिंग एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों को शामिल करें, जिससे वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। डॉ. तेवतिया ने यह भी बताया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय का उन्नत भारत प्रकोष्ठ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाने का कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम, साइक्लिंग, दौड़ एवं अन्य फिटनेस गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी फिट इंडिया अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही एक सशक्त और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

# अवरोध बने पेडों को कटवाया लोगों ने राहत की सांस ली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** जिले की नगर पंचायत शाहबाद ने जनता की असुविधा को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड और पुलिस क्षेत्राधिकारी आफिस के सामने लंबे समय से खडे बांसी के पेड़ों की छंटाई व कटाई का कार्य जेसीबी मशीन की मदद से प्रशासन की मौजूदगी में कराया जिससे इस रास्ते से आने - जाने वाले लोगों ने राहत की सांस ली और नगर पंचायत के इस कदम की सराहना की !



पता चला है कि बांसी के खडे पेड़ रास्ते से निकलने वाले लोगों के सामने दिक्कत उत्पन्न कर रहे थे,यह भी कह सकते हैं कि अवरोध पैदा कर रहे थे !

# डबल डेकर बस सीज कर किया 56 हजार रुपये का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** दिल्ली - लखनऊ हाईवे - 9 पर रामपुर क्षेत्र में चैकिंग के दौरान बुधवार को तडके में एक डेकर बस को सीज कर दिया गया और साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर 56 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया ,बस को रोडवेज बस परिसर में खडा करा दिया गया है ! पता चला है कि बस में बैठे सभी यात्री बिहार से अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाने जा रहे थे !

### बिहार से अजमेर शरीफ जा रही थी बस

एआरटीओ प्रशासन राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार में पंजीकृत बस इफ़्06ढऊ2956 के दस्तावेजों और संरचना की जांच की गई,आरसी के अनुसार बस में 52 सीटें होनी चाहिए लेकिन बस में 35 स्लीपर बर्थ और 11 अतिरिक्त सीटें पाई गयीं, इतना ही नहीं बस आवश्यक कागजातों के बिना संचालित हो रही थी ,उनका कहना रहा कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ही बस को सीज किया गया है ! बस में यात्रा करने वाले लोगों , महिलाओं एवं बच्चों की संख्या देखकर एआरटीओ ने रोडवेज एआरएम को यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए वहीं एआरएम रामप्रकाश का कहना रहा कि जयपुर के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं है फिर भी यात्रियों की मदद के लिए विकल्प तलाशे जा रहे हैं !






बस में बैठकर यात्रा करने वालों का कहना रहा कि जो भी जुमार्ना बस पर किया गया है उसे तो कहीं भी जमा किया जा सकता है, यात्रियों की परेशानी को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था की जानी चाहिए !

# जमीनी विवाद में दंपती से मारपीट का मामला, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । थाना मैनाठेर के ग्राम नरौदा में जमीनी रंजिश के चलते दंपती से मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में जयप्रकाश पुत्र जयपाल सिंह ने बताया कि 14 जून को सुबह करीब 9 बजे गांव का दीपांशु उसे बहाने से दिनेश के घर ले गया। वहां पहले से मौजूद प्रमोद, मनोज व सोनू पुत्रगण मान सिंह ने गाली-गलौज करते हुए उसे बुरी तरह पीटा। बचाव में आई पत्नी सुनीता को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित का आरोप है कि गांव वालों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले और ईंट-पत्थर भी बरसाए। मैनाठेर थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रमोद, मनोज, सोनू और दीपांशु के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल महिला का मेडिकल कराया गया ।

# फैक्ट्री मालिक के अपहरण की साजिश रचने वाले गैंग पर गैंगस्टर एक्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मैनाठेर पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के अपहरण की साजिश रचने वाले गैंग लीडर सारिक लाला समेत 5 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। 16-17 मार्च को गिरोह फर्जी नंबर प्लेट की गाड़ी और नशीले इंजेक्शन के साथ फैक्ट्री मालिक को किडनैप करने पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने मौके से ही पकड़ लिया। जिलाधिकारी द्वारा 13 जून को गैंग चार्ट अनुमोदित किया गया था।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान हुआ फेल : कांठ का "मुख्य बाजार संकरी गली में हुआ तब्दील"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश विश्नोई)** । शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कांठ में तहसील प्रशासन द्वारा अनेक बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया चलाया गया'अभियान के बाद जिन लोगों ने सरकारी सड़क पर कब्जा कर रखा था उन लोगों ने सरकारी सड़क पर अपना सामान रखकर दोबारा कब्जा कर लिया है जिसकी वजह से नगर का मुख्य बाजार संकरी गली में तब्दील हो गया है सड़क पर अवैध कब्जा करने वालों पर कोई कठोर कार्रवाई ना होने से उनके हौसले बुलंद है मुख्य बाजार में अतिक्रमण के कारण वाहन चालको का एवं राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।

शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कांठ में उप जिला अधिकारी, अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था जिन लोगों ने सरकारी सड़क पर कब्जा करके अपना सामान रखा था उन्हें जमकर फटकार लगाई गई थी करीब एक



दर्जन लोगों का चालान कर जुर्माना वसूल किया गया था अधिकारियों ने कहा था कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अतिक्रमण हटाओ अभियान चलने के बाद लगता है यह अभियान अब रुक गया है जिसकी वजह से अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं मुख्य बाजार में अन्य स्थानों पर अनेक लोगों ने सरकारी सड़क पर दुकान के सामने अपना सामान रखकर मार्ग को संकरी गली में तब्दील कर दिया है जिसकी वजह से वाहन चालको और राहगीरों को चलना दूभर हो गया है।

# मुरादाबाद में "बिना फायर एनओसी प्रमाणित हुए दर्जनों " कोचिंग संस्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद के कोचिंग संस्थानों की मान्यता और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है। जन सूचना अधिकारी द्वारा अग्निशमन विभाग में की गई शिकायत के बाद उन कोचिंग संस्थानों की जांच शुरू कर दी गई है, जिन्हें बिना फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के ही प्रमाणित कर दिया गया था।मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण और प्रमाणन से संबंधित दस्तावेजों की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि करीब 40 कोचिंग संस्थानोंके आवेदनों को अग्निशमन विभाग की अनिवार्य फायर एनओसी के बिना ही प्रमाणित कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर जन सूचना अधिकारी ने संबंधित दस्तावेजों और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर अग्निशमन विभाग को शिकायत भेजी। शिकायत प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारी संबंधित कोचिंग संस्थानों के भवनों, अग्निशमन उपकरणों, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की कमी पाई जाएगी या जो बिना आवश्यक अनुमति के संचालित होते मिले, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# खनुपुरा गोलीकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार,कबूला जुर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** पुलिस ने 15 जून को मुठभेड़ के बाद खनुपुरा गोलीकांड के आरोपी निखिल चौधरी को गिरफ्तार किया। पैर में गोली लगने से घायल निखिल ने कबूला कि रंजिश में आशीष पर फायर किया था और पुराने मुकदमे के चलते अंकित की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी थी। मौके से 315 बोर का तमंचा, 10 जिंदा कारतूस और बिना कागज की बाइक संख्या यूपी 21सीएम0414 बरामद हुई। दूसरा आरोपी विशाल फरार है। केस की जांच उपनिरीक्षक तौकीर अली खान को सौंपी गई।



# विधायक से मिला व्यापारी प्रतिमंडल, टांडा बाईपास निर्माण हेतु सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा )।** स्वार - टांडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक शफीक अहमद अंसारी से उनके निवास पर टांडा के उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारी से मिला और उन्हें नगर टांडा बाईपास बनवाने के लिए ज्ञापन सौंपा ! व्यापारियों ने विधायक के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि नगर में बढते ट्रैफिक दवाब और रोजाना लगने वाले जाम से व्यापारी और आमजन दोनों ही परेशान रहते हैं, इस समस्या के स्थायी समधान के लिए बाईपास का निर्माण होना जनहित में आवश्यक है ।



विधायक शफीक अहमद अंसारी ने व्यापारियों का पक्ष सुनने के बाद भरोसा दिलाया कि अपने स्तर से जितना भी हो सकेगा किया जाएगा ! विधायक को ज्ञापन सौंपने वालों में अन्य के अलावा हाजी शकील,हाजी अब्दुल समद,हाजी मुशर्रफ, अजित कुमार वर्मा, सलीम असगर,सभासद तस्लीम मेंबर और हाजी अली प्रिंस आदि मुख्यतः रहे ।

# ताजियों की उंचाई निर्धारित रखे नई परम्परा कायम न करे : थाना प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है । कुंदरकी थाने मे अमन शांति कमेटी की बैठक हुई । बैठक मे थाना प्रभारी हम्बीर सिंह ने कहा कि मोहर्रम शोक का महीना है इसे शान्ति पूर्वक मनाए और नई परम्परा कायम नही करें और शांति व्यवस्था खराब करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने कहा कि ताजियों की उंचाई निर्धारित रखे जिससे किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े । हाफिज शेर अली ने नगर मे जुलूस के रास्तो को ठीक कराने की मांग की । सभासद अख्तर रजा ने कहा कि माहे मोहर्रम इंसानियत और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है जुलूस परम्परागत तरीके से ही निकाले और उन्होंने मोहर्रम को त्यौहार कहने पर आपत्ती जताई । जमीर अहमद ने कहा कि नगर मे रात्रि मे मजलिसों और शहादत नामों की महफिल का सिलसिला रहता है इसलिए बिजली व पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए । बैठक मे चेयरमैन पति एंव चेयरमैन प्रतिनिधि मेंहदी हसन एडवोकेट ने नगर पंचायत प्रशासन की ओर से सफाई व्यवस्था एंव पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया ।

### मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक





मौहम्मद वारिस, हाफि ज शेर अली, इंतजार हुसैन, मोहम्मद उमर सैफी, मोहम्मद उमर उर्फ कपूर, सभासद ताहिर खांन, अख्तर रजा, कंबर अब्बास, फहीम खांन, कल्लू, शोएब साबरी, मकसूद सैफी, यासीन मोहर्रमदार, रेहान, रिजवान , मौहम्मद हस्सान, शानू पाशा, मजलूम पाशा, बाबू कुरैशी क्षेत्र के ग्राम प्रधान नगर वासी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# भारत के अनमोल रतन व तिरंगा ध्वज का हुआ "भव्य विमोचन": अमूल्य धरोहर है पन्नालाल गुप्त "विवश" का साहित्य संसार: सूर्य प्रसाद दीक्षित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान,विनय खण्ड गोमती नगर लखनऊ में चर्चित, रचनाकार पन्नालाल गुप्त "विवश" आजमगढ़ की पुस्तक "भारत के अनमोल रत्न व तिरंगा ध्वज "का विमोचन अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार एवं यशस्वी समीक्षक प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित पद्मश्री डॉ0 विद्या विन्दु सिंह,पत्रकार नरेंद्र भदौरिया,यशस्वी विद्वान डॉ0 गणेश नारायण शुक्ल, एवं डॉ0 बी0 बी0 पाण्डेय,यशस्वी साहित्यकार अखिल निगम ,कुशल समीक्षक डॉ0 शिवाकान्त शुक्ल,शायर इंदु प्रकाश "इंदु'एवं राष्ट्र पति पुरस्कार से अलंकृत यशस्वी शिक्षक ,साहित्यकार रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी"प्रलयंकर" के कर कमलों द्वारा हुआ।इससे पूर्व मंचस्थ उपस्थित सम्मानित साहित्यकारों ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। ततपश्चात कवयित्री कालिंदी लता द्वारा माँ की वंदना से साहित्यिक कार्य-क्रम शुरू हुआ।







# डिजिटल रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं का तीसरे दिन भी रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार रहा जारी : रजिस्ट्री ना होने से सरकार को लाखों का नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डिजिटल रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील कांठ के अधिवक्ताओं द्वारा लगातार तीसरे दिन बुधवार को रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान डिजिटल व्यवस्था से आम जनता, किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन की बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया कि मांगों पर विचार न होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। लगातार तीसरे दिन रजिस्ट्री ना होने से सरकार को लाखों का नुकसान हुआ है।




# हरपाल सिंह बने सब-इंस्पेक्टर, शाहजहांपुर में हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर के मौहल्ला नूरूल्ला निवासी हेड कांस्टेबल हरपाल सिंह के सब-इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन होने पर शाहजहांपुर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शाहजहांपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी और इंस्पेक्टर ने उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया।

प्रमोशन की खबर मिलते ही कुंदरकी स्थित उनके गृह क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने विजय का प्रतीक चिन्ह बनाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साह का माहौल बनाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हरपाल सिंह शुरू से ही मेहनती और ईमानदार पुलिसकर्मी रहे हैं। उनके प्रमोशन से पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। परिवार ने उनकी इस उपलब्धि को मेहनत और लगन का नतीजा बताया।



## सम्मेलन

## अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की मजबूत कड़ी : स्निग्धा चतुर्वेदी

# नवागंतुक एसडीएम सुश्री स्निग्धा चतुर्वेदी का तहसील बार एसोसिएशन द्वारा "भव्य स्वागत एवं परिचय सम्मेलन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ द्वारा बुधवार को नवागंतुक उपजिलाधिकारी सुश्री स्निग्धा चतुवेर्दी का स्वागत एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं ने भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महासचिव दीपक बिश्नोई ने कहा कि अधिवक्ता समाज एवं प्रशासन के मध्य समन्वय लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सुश्री स्निग्धा चतुवेर्दी के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में जनसामान्य को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं प्राप्त होंगी तथा अधिवक्ताओं एवं प्रशासन के मध्य सहयोग और अधिक सुदृढ़ होगा।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि तहसील बार एसोसिएशन सदैव न्याय, विधि के शासन एवं जनहित के प्रति समर्पित रही है। उन्होंने नवागंतुक उपजिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। डॉ विनीत नैन ने भी इस अवसर पर अपना उद्बोधन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।एस डी एम कांठ सुश्री स्निग्धा चतुवेर्दी ने बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि वह नायब तहसीलदार पद पर बाराबंकी में एवं उसके बाद नायब तहसीलदार लखनऊ फिर तहसीलदार लखनऊ के रूप में तैनात रही तथा 27.7.2025 को डिप्टी कलेक्टर बनकर मुरादाबाद में आयी और अब वह उप जिला अधिकारी कांठ के रूप में यहां तैनात है उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं प्रशासन के मध्य निरंतर संवाद एवं सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जनहित सर्वोपरि है और जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी।इस अवसर पर एडवोकेट चंद्रपाल सिंह ,संजीव बिश्नोई ,शहजाद रफी खान, इकबाल अहमद, यशवीर सिंह, सुगम पवार, चरण सिंह सैनी, वैभव बिश्नोई, नन्ने खां, सुनील प्रजापति, हरपाल सिंह, पुष्पेंद्र धामा, सुधीर कुमार बिश्नोई, विजयवीर सिंह, मोहम्मद अय्यूब, जसवीर जस्ती, भूपेंद्र सिंह, भू प्रकाश सिंह, महबूब खां, इमरान खान बिश्नोई, चरण सिंह ढाका, कोमल सिंह, रंजीत सिंह, सुशील बिश्नोई, अफसर खान, चरण सिंह देशवाल, चौधरी सुनील कुमार, भूरे सिंह, महबूब खान, लक्ष्मण सिंह, सलमान खान ,कपिल कुमार , नौशाद आदी, भूपेंद्र सिंह, महावीर सिंह, शीशराम सिंह,दीप सिंह, सुधीर कुमार आदि बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे तथा उन्होंने नवागंतुक उपजिलाधिकारी का स्वागत किया।सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने की तथा संचालन महासचिव दीपक बिश्नोई ने किया।






# नाबालिग किशोरी को किया अगवा,रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि एक जून को वह मजदूरी करने गया था और पत्नी बीमार भाई को देखने मायके गई थी। शाम को घर लौटने पर उसकी 17 वर्षीय बेटी गायब मिली। आसपास और रिश्तेदारों में पता करने पर जानकारी मिली कि पड़ोसी के दामाद का दोस्त बब्लू पुत्र शेर सिंह, निवासी हिम्मतपुर, शाहाबाद, रामपुर उसे बहला-फुसलाकर ले गया है।

युवती घर से टच फोन, सोने के कुंडल, चांदी की पाजेब, और नकदी भी साथ ले गई है। बिलारी पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# खुद को चुनने में कभी देर नहीं होती, मनीषा कोइराला ने थाईलैंड ट्रिप की तस्वीरों के साथ दी नई शुरूआत की सीख



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कई महिलाएं परिवार, बच्चों और जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को कहीं पीछे छोड़ देती हैं। समय के साथ उन्हें लगने लगता है कि अब उनकी उम्र निकल चुकी है और कुछ नया करने का समय नहीं बचा है। ऐसी सभी महिलाओं को बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खास संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिंदगी में खुद को चुनने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कभी भी देर नहीं होती। मनीषा कोइराला ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर थाईलैंड ट्रिप की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में वह बेहद खुश नजर आ रही हैं। कहीं वह प्राकृतिक सुंदरता के बीच समय बिताती दिख रही हैं, तो कहीं शांत माहौल का आनंद लेती दिखाई दे रही हैं। तस्वीरों में वह जीवन के छोटे-छोटे पलों का आनंद नजर आ रही रही हैं। इन तस्वीरों के साथ मनीषा ने कैप्शन में लिखा, जो महिलाएं यह सोचती हैं कि अब उनके लिए बहुत देर हो चुकी है, उन्हें इस सोच को छोड़ देना चाहिए। ट्रिप करें, नई शुरूआत करें और सबसे जरूरी बात, खुद को चुनें। मैं दुनिया को एक्सप्लोर कर रही हूं और साथ ही अपने स्वास्थ्य और मानसिक शांति का भी ध्यान रख रही हूं।

मनीषा कोइराला के इस पोस्ट पर कई लोगों ने कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, मनीषा जी, आपकी यह पोस्ट हर महिला के लिए प्रेरणा है। दूसरे यूजर ने लिखा, सच कहा आपने जिंदगी उम्र से नहीं, सोच से चलती है। अन्य यूजर्स ने कमेंट्स में इमोजी शेयर किए। बता दें कि मनीषा कोइराला हिंदी सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने 1991 में सौदागर से बॉलीवुड में कदम रखा और पहली ही फिल्म से पहचान बना ली। इसके बाद उन्होंने 1942ः ए लव स्टोरी, बॉम्बे, खामोशीः द म्यूजिकल, दिल से, मन, लज्जा और कंपनी जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनकी फिल्मों के गाने भी बेहद लोकप्रिय रहे, जिनमें एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा, रिम झिम रिम झिम, तू ही रे, जिया जले और नशा यह प्यार का नशा है आज भी लोगों की पसंद बने हुए हैं। अपने शानदार अभिनय के लिए मनीषा को कई बड़े सम्मान भी मिले हैं। उन्हें बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए फिल्मफेयर क्रिटिक्स पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार (क्रिटिक्स कैटेगिरी) सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सराहना मिली।

# पेड्डी की 11वें दिन ताबड़तोड़ कमाई, वर्ल्डवाइड 300 करोड़ रुपये के पार पहुंचा कलेक्शन

राम चरण की फिल्म पेड्डी सफलता के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह को बरकरार रखे हुए है। फिल्म ने न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई की और वीकेंड में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ रिलीज हुई वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है ने वीकेंड पर थोड़ी बढ़त हासिल की है। आइए जानते हैं इन दोनों फिल्मों की कमाई का ताजा हाल।




सैकनिल्क के मुताबिक, पेड्डी ने अपनी रिलीज के 11वें दिन, यानी रविवार को 9.20 करोड़ रुपये कमाए हैं। इससे पहले, फिल्म ने 10वें दिन 8.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अपने दूसरे हफ्ते में आकर पेड्डी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 216 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है, जबकि विश्व स्तर पर ग्रॉस कमाई 307.98 करोड़ रुपये हो गई है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित फिल्म में जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और शिव राजकुमार भी हैं।

उधर वरुण की फिल्म ने रिलीज के 10वें दिन, यानी रविवार को 2.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। 9वें दिन यह कमाई 2.25 करोड़ और 8वें दिन 1.85 करोड़ रुपये थी। देखा जाए तो आंकड़ों में मामूली बढ़त आई है।

# कभी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं निवेथा पेथुराज, 'सिंग गीतम' बना करियर का टर्निंग पॉइंट

साउथ फिल्म इंडस्ट्री को कई सफल फिल्में देने वाली अभिनेत्री निवेथा पेथुराज ने बताया कि साल 2023 में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि, बाद में परिस्थितियां बदलीं और उन्हें निर्देशक सिंगीतम श्रीनिवास राव की फिल्म 'सिंग गीतमइ का हिस्सा बनने का अवसर मिला, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी। फिल्म 'सिंग गीतमइ की सफलता के बाद आयोजित थैंक्सगिविंग इवेंट में निवेथा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब वह अभिनय की दुनिया से दूर जाना चाहती थीं। उनके



अनुसार, जीवन कभी-कभी ऐसे रास्तों पर ले जाता है, जहां से उसे अपने लिए सही मंजिल का पता चलता है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने उस समय सिनेमा छोड़ने का फैसला कायम रखा होता, तो शायद आज वह इस खास फिल्म का हिस्सा नहीं बन पातीं।

निवेथा ने फिल्म के निमार्ता नाग अश्विन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नाग अश्विन ने उन्हें दोबारा आत्मविश्वास दिया और अभिनय की दुनिया में लौटने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान अभिनेत्री भावुक नजर आईं, उन्होंने कहा कि यदि नाग अश्विन का सहयोग नहीं मिला होता, तो वह शायद किसी शांत स्थान पर आध्यात्मिक जीवन जी रही होतीं। उन्होंने स्वीकार किया कि वह एक अलग जीवन चुनने की सोच रही थीं, लेकिन अब वह पूरी ऊर्जा और विश्वास के साथ अपने करियर में वापस लौट चुकी हैं।

अभिनेत्री ने फिल्म देखने के दौरान अपने भावनात्मक अनुभव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी और उसका मैसेज उन्हें बेहद प्रभावित कर गया। उनके अनुसार, यह फिल्म वर्तमान समय की कई महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरण संबंधित चुनौतियों को पेश करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर शिशु के जन्म पर एक पौधा लगाने की पहल की जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सके।निवेथा ने यह भी कहा कि उन्हें म्यूजिक बेस्ड फिल्मों और म्यूजिक इवेंट्स से खास लगाव है। उन्होंने बताया कि वह अक्सर लंदन में आयोजित म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल होती रही हैं और भारत में भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद करती थीं।

# ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2 के ट्रेलर में पावर, पॉलिटिक्स और अधूरी मोहब्बत का खेल . . . प्रीमियर 19 जून, 2026 को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंतजार की घड़ियाँ अब और भी रोमांचक हो चुकी हैं। ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2 का ट्रेलर आ चुका है, जो दर्शकों को सीधे एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहाँ मोहब्बत मासूम नहीं रह जाती, बल्कि ताकत की कीमत व्यक्तिगत रूप से चुकानी पड़ती है।

धवल ठाकुर एक ऐसे इंसान कुलदीप कुमार का किरदार निभाते हुए वापसी कर रहे हैं जो अपराधबोध और जुनून के बीच जूझ रहा है। एक ऐसा इंसान जिसने कभी कोई एक ऐसी गलती की थी, जिससे सब कुछ तहस-नहस हो गया और अब एक बार फिर वह खुद को राजनीति, सत्ता और अधूरी भावनाओं के खतरनाक जाल में खिंचता हुआ पाता है । संचिता बसु, शानविका चौहान के रूप में और भी ज्यादा धाकड़, दमदार और शक्तिशाली बनकर उभरती हैं। सत्ता के बेरहम गलियारों से गुजरते हुए वह नियमों को मानने से साफ तौर पर इंकार कर देती है, भले ही इसके लिए उसे इस रास्ते में रिश्तों की परिभाषा को ही क्यों न बदलना पड़े। यह ट्रेलर इस सीजन की एक ऐसी झलक दिखाता है, जो हाई-स्टेक्स पॉलिटिकल ड्रामे, सुलगते हुए बदले, इमोशनल टकराहट और टकरावों से भरा हुआ है। जैसे ही सीतापुर महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की रणभूमि बन जाता है, कुलदीप और शानविका खुद को एक ऐसे खेल के विपरीत छोर पर पाते हैं... जहाँ भरोसा बेहद नाजुक होता है और इरादे कभी वैसे नहीं होते जैसे दिखाई देते हैं। यह सीजन जज्बातों के उस तूफान को और भी ज्यादा गहरा करता है जिसने पहले सीजन को एक मिसाल बनाया था, वही दिल का टूटना, वही बदले की आग और एक कमतर आंके गए कमजोर इंसान का हर दीवार लांघकर उभरना... लेकिन इस बार, यह खेल एक बहुत बड़े और कहीं ज्यादा खतरनाक कैनवास पर रचा गया है। इस बारे में संचिता बसु ने कहा कि सीजन 2 शानविका को एक ऐसे मोड़ पर ले जाता है जो जज्बाती तौर पर अनकही और अप्रत्याशित है। वह अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है, खुद को समेटकर रखने वाली और सतर्क है साथ ही लगातार इस उलझन में है कि जब खेल में सत्ता और धोखा शामिल हो जाए, तो फिर प्यार के असली मायने क्या रह जाते हैं। इस सीजन में जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित किया, वो यह है कि यहाँ कुछ भी पूरी तरह सही या गलत नहीं है... हर इमोशन अपने साथ एक अंजाम लेकर आता है।

कुलदीप कुमार के रूप में वापसी कर रहे धवल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि, कुलदीप इस सीजन में अपने अतीत का बोझ उठाता है। वह इमोशनल होने के साथ ही एक अजीब तरह के द्वंद्व में है, वह जो महसूस करता है और जो दुनिया उससे उम्मीद करती है, उसके बीच लगातार फंसा हुआ रहता है। यह ट्रेलर केवल एक झलक दिखाता है कि इस बार उनकी यात्रा जज्बाती और निजी हो जाती है। इस बार कहानी का दायरा भले ही बहुत बड़ा हो गया हो, लेकिन इसके जज्बातों की जो बुनियाद और आत्मा है, उतनी ही सच्ची और जमीनी है।"'ठुकरा के मेरा प्यार' झ सीजन 2 स्ट्रीम होगा 19 जून, 2026 से जियो हॉटस्टार पर.

# लीव-इन कंडीशनर का इस्तेमाल करते समय न करें ये 5 गलतियां

लीव-इन कंडीशनर बालों की देखभाल के लिए एक जरूरी उत्पाद है। यह बालों को नमी प्रदान करता है और उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि, इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है ताकि आप इसके पूरे फायदे उठा सकें। कई लोग बिना सही जानकारी के लीव-इन कंडीशनर का उपयोग करते हैं और कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें अच्छे परिणाम नहीं मिल पाते। आइए जानें कि लीव-इन कंडीशनर से जुड़ी किन-किन गलतियों से बचना चाहिए।

**ज्यादा कंडीशनर लगाना**

लीव-इन कंडीशनर का उपयोग करते समय सबसे बड़ी गलती है ज्यादा कंडीशनर लगाना। कई लोग सोचते हैं कि जितना ज्यादा कंडीशनर लगाएंगे, उतना बेहतर परिणाम मिलेगा। लेकिन ऐसा करना गलत है। ज्यादा कंडीशनर लगाने से बाल चिपचिपे हो सकते हैं और उनका प्राकृतिक रूप बिगड़ सकता है। इसलिए हमेशा मात्रा का ध्यान रखें और जरूरत के अनुसार ही कंडीशनर लगाएं ताकि बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।



**गीले बालों पर लगाना**

गीले बालों पर लीव-इन कंडीशनर लगाने से पहले उन्हें हल्का सूखा लें। गीले बालों पर सीधा कंडीशनर लगाने से वह सही तरीके से अवशोषित नहीं होता और बालों की जड़ों तक नहीं पहुंच पाता। इससे बालों की जड़ें कमजोर हो सकती हैं और उनमें रूखापन आ सकता है। इसलिए हमेशा तौलिये से हल्का सूखा लेने के बाद ही बालों पर कंडीशनर लगाएं ताकि वह सही तरीके से अवशोषित हो सके और बाल स्वस्थ रहें।

**सिर की त्वचा पर कंडीशनर लगाना**

सिर की त्वचा पर लीव-इन कंडीशनर लगाना भी एक आम गलती है, जिसे कई लोग अनजाने में कर बैठते हैं। कंडीशनर सिर्फ बालों की लंबाई पर लगाना चाहिए, न कि सिर की त्वचा पर क्योंकि इससे त्वचा चिपचिपी हो सकती है और जमीनी स्तर पर तेल जमा हो सकता है। इससे सिर की ताजगी कम होती है और बालों में रूखापन आ सकता है। इसलिए हमेशा कंडीशनर को बालों की लंबाई पर ही लगाएं ताकि सिर की ताजगी बनी रहे।

गलत समय पर उपयोग करना

लीव-इन कंडीशनर का सही समय पर उपयोग करना भी जरूरी है। कई लोग धोने के तुरंत बाद या सोने से पहले लीव-इन कंडीशनर का उपयोग करते हैं, जो सही नहीं है। सबसे अच्छा समय है जब आपके बाल थोड़े सूखे हों यानी तौलिये से हल्का सूखा लिया हो। इससे कंडीशनर बेहतर तरीके से काम करेगा और आपके बालों को पूरा पोषण देगा। सही समय पर उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहेंगे।

**गलत उत्पाद चुनना**

लीव-इन कंडीशनर चुनते समय उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। कई बार सस्ते दाम देखकर लोग घटिया गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीद लेते हैं, जो बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हमेशा अच्छी ब्रांडेड कंपनियों का ही चयन करें जो प्राकृतिक सामग्रियों से बने हों। इन गलतियों से बचकर आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और लीव-इन कंडीशनर के पूरे फायदों का आनंद ले सकते हैं।

# हाइपरटेंशन की समस्या से राहत दिलाइगा बद्ध कोणासन, रोजाना 15 मिनट के अभ्यास से मिलेंगे कई फायद

विश्व योग दिवस 2026 अब कुछ ही दिनों में मनाया जाने वाला है। इस खास अवसर से पहले ही भारत सरकार का आयुष मंत्रालय देशवासियों से लगातार अपील कर रहा है कि वे अपनी दिनचर्या में योगासन को शामिल करें। सही आसनों के अभ्यास से न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि मन भी प्रसन्न और शांत रहता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का प्राचीन भारतीय विज्ञान है। व्यस्त जीवनशैली, काम का दबाव और तनाव की वजह से आजकल लोग अक्सर हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में योग विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि नियमित रूप से बद्ध कोणासन का अभ्यास करें, जो बेहद फायदेमंद है। बद्ध कोणासन को 'बाउंड एंगल पोजइ भी कहा जाता है। यह आसानी से किए जाने वाला प्रभावी आसन है। इसे करने के लिए जमीन पर सीधे बैठ जाएं, दोनों पैरों की एड़ियों को आपस में मिलाएं और घुटनों को बाहर की तरफ खोल लें। दोनों हाथों से पैरों की उंगलियों को पकड़ें और सीधे बैठकर गहरी सांस लें। इस आसन में कुछ देर रहने से शरीर की निचली हिस्से की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं, रक्त संचार बेहतर होता है और शरीर में जमा तनाव धीरे-धीरे कम होता है। योग विशेषज्ञों का कहना है कि बद्ध कोणासन पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम को सक्रिय करता है। इससे दिल की धड़कन सामान्य रहती है, ब्लड प्रेशर नियंत्रित होता है और मन को गहरी शांति मिलती है। गहरी सांस लेते हुए इस आसन का अभ्यास करने से पूरे दिन की थकान और नकारात्मक विचार दूर होते हैं। मूड अच्छा रहता है और तनाव का स्तर काफी कम हो जाता है।



एक्सपट्र्स का मानना है कि योग को रोजाना सिर्फ 15 मिनट भी शामिल करने से व्यक्ति ऊजार्वान और सकारात्मक महसूस करता है। यह आसन खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो लंबे समय से हाइपरटेंशन की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, किसी भी नए आसन को शुरू करने से पहले योग प्रशिक्षक से सलाह जरूर लें।

मंत्रालय ने सभी नागरिकों, खासकर युवाओं, मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्गों से अनुरोध किया है कि वे इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाएं और योग को जीवन का अंग बना लें।

## 5 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग

# राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (GIMS) के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी रही जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (GIMS) में कार्यरत विभिन्न विभागों के संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर संस्थान परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों से संस्थान में अपनी सेवाएं देने के बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकार में है।

संस्थान के मुख्य द्वार और पंजीकरण ब्लॉक के पास भारी संख्या में नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, सफाई कर्मचारी, सहायक स्टाफ और सुरक्षा कर्मी धरने पर बैठ गए हैं।

**मुख्य मांगें और आक्रोशः**

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने अपने हाथों में बैनर और तख्तियां ले रखी हैं, जिन पर उनकी मांगें और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी साफ देखी जा सकती हैः

स्थायी नियुक्ति की मांगः कर्मचारियों की एकमात्र और प्रमुख मांग है कि अस्पताल के सभी संविदा कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर स्थायी (परमानेंट) किया जाए। 5 वर्ष का अनुभवः 'हमारी मेहनत-हमारा अधिकार' के नारे के साथ कर्मचारियों का कहना है कि जो स्वास्थ्य कर्मी 5 वर्ष या उससे अधिक समय से संस्थान को अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें तुरंत नियमित किया जाए। कोविड वॉरियर्स की उपेक्षा का आरोपः धरने पर बैठे कर्मचारियों ने तख्तियों के माध्यम से अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए लिखा–"कोविड वॉरियर्स को सम्मान नहीं, केवल धोखा! नियमित करो!" कर्मचारियों का कहना है कि महामारी के दौर में जान जोखिम में डालकर काम करने के बाद भी अब प्रशासन द्वारा उनकी उपेक्षा की जा रही है। झूठे आश्वासनों के खिलाफ गुस्साः प्रदर्शनकारियों ने "झूठे आश्वासनों पर रोक लगाओ! हमारा भविष्य सुरक्षित करो!" और "संस्थान की सर्वोच्चता में हमारा योगदान, फिर अब उपेक्षा क्यों?" जैसे नारों के साथ अस्पताल प्रबंधन और निदेशक के रवैये पर सवाल उठाए हैं।

# रायबहादुर की पुन्य तिथि पर शिक्षकों, कर्मचारियों ने किये श्रृद्धा सुमन अर्पित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी के शिक्षक शिक्षिकाओं और तमाम स्टाफ ने अपने विद्यालय संस्थापक रायबहादुर स्वर्गीय चौधरी अमर

**दो मिनट का मौन रख दी भाव पूर्ण श्रृद्धांजलि**

सिंह जी की इक्यानवें वीं पुण्यतिथि पर कालेज परिसर स्थित समाधि पर पहुंचकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। दो मिनट का मौन रखकर रायबहादुर को मौन श्रद्धांजलि दी गई। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर निशा चौधरी की अगुवाई में तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं कालेज स्टाफ और रायबहादुर के परिजनों ने संस्थापक जी की समाधि पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धा पूर्वक नमन किया। प्राचार्या ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले रायबहादुर चौधरी अमर सिंह जी का स्वर्ग वास 17 जून 1935 में हुआ था। उनका जीवन समाज सेवा शिक्षा नैतिक मूल्यों और मानवता के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श विचार और कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।

दो मिनट का मौन रखकर रायबहादुर चौधरी अमर सिंह जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभी उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और सदैव समाज हित में काम करने का संकल्प लिया।

कालेज परिसर स्थित रायबहादुर की आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर निशा चौधरी, प्रोफेसर एसके बैरागी डॉ अरुण कुमार डॉ जनमेजय शुक्ला डॉ अंजना खोलिया अरुण कुमार मिश्र शेखर त्यागी मुल्क राज अभय श्रीवास्तव पुष्पेन्द्र मलिक रोहतास तरुण कुमार और संस्थापक परिवार के सिंधुल सिरोही, भवतोष चौधरी अशोक तेवतिया आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# शफीक मंसूरी बने भारतीय मंसूरी समाज के जिला अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल (लायबा नूर)।** भारतीय मंसूरी समाज की कार्यकारिणी द्वारा समाजसेवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शफीक मंसूरी को युसुफ मंसूरी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जिला संभल (उत्तर प्रदेश) का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष युसुफ मंसूरी ने बताया कि तंजीम के प्रति उनकी मेहनत, ईमानदारी, सच्ची लगन और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। कार्यकारिणी ने विश्वास जताया कि शफीक मंसूरी पहले की तरह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ समाज एवं देश की सेवा करते रहेंगे तथा संगठन के नियमों और उद्देश्यों का पालन करते हुए समाज के हित में कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर समाज के लोगों और संगठन के पदाधिकारियों ने शफीक मंसूरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। शफीक मंसूरी ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे और समाज की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# वन्यजीव के हमले में" मौत पर अब मिलेगा 10 लाख "रुपये का मुआवजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामलों के बीच सरकार पीड़ित परिवारों को दी जाने वाली मुआवजा राशि को दोगुणा करने जा रही है। वन्यजीव हमले में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को अब 10 लाख रुपये मुआवजा देने जा रही है। वन विभाग ने मौजूदा सहायता राशि में बढ़ोतरी का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। वर्तमान में ऐसी घटनाओं में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। प्रस्ताव लागू होने पर न केवल मृतकों के स्वजन बल्कि गंभीर रूप से घायल और स्थायी रूप से दिव्यांग हुए लोगों को भी अधिक आर्थिक सहायता मिल सकेगी। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद की जा रही है, जिसमें सभी राज्यों को मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों के लिए एक समान और पर्याप्त राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था। कोर्ट के आदेश के बाद उत्तराखंड और झारखंड जैसे राज्यों ने मुआवजा राशि में वृद्धि कर दी है। अब उत्तर प्रदेश भी इसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

प्रस्ताव के अनुसार, वन्यजीव हमले में गंभीर रूप से घायल होने वालों को वर्तमान में मिलने वाली एक लाख रुपये की सहायता राशि को बढ़ाकर दो लाख रुपये किया जा रहा है। वहीं स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली चार लाख रुपये की सहायता राशि में भी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा गया है। इसे भी आठ लाख रुपये तक किया जा सकता है।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और दीर्घकालिक आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना आवश्यक है। मुआवजा राशि में बढ़ोतरी से पीड़ित परिवारों को कठिन परिस्थितियों में बेहतर आर्थिक संबल मिल सकेगा। प्रदेश के तराई और वन क्षेत्रों से सटे जिलों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं लगातार सामने आती प्र रही हैं। ऐसे में प्रस्तावित संशोधन को प्रभावित परिवारों के लिए महत्वपूर्ण राहत के रूप में देखा जा रहा है।

## होटल कलश में उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम संपन्न, MSME और SC/ST हब की योजनाओं पर दी गई विस्तृत जानकारी

# होटल कलश में उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**बुलंदशहर।** दिल्ली रोड स्थित होटल कलश में 'सखी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फाउंडेशन' द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय के सौजन्य से एक दिवसीय "उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चैंबर की फाउंडर चंदा किरण ने दीप प्रज्वलित कर किया इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला, अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के उद्यमियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यापार के नए अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में जिले के 100 से अधिक उद्यमियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रमुख बिंदु और सरकारी योजनाओं की जानकारीः सरकारी खरीद में भागीदारीः कार्यक्रम में महिला एवं रउ/रळ उद्यमियों को 'नेशनल SC/ST **हब**' द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, MSME उद्यमियों को सरकारी खरीद नीति के तहत 4% कोटा पूरा करने और महिला उद्यमियों को 3% सार्वजनिक अनिवार्यता (PublicProcurement) के नियमों के विषय में विस्तार से जागरूक किया गया। दस्तावेजीकरण और ई-टेंडरिंगः उद्यमियों को सरकारी विभागों में विक्रेता पंजीकरण (Vendor Registration) की प्रक्रिया और उसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी श्री रंजय कुमार गुप्ता ने ई-टेंडरिंग और विभिन्न सरकारी योजनाओं की तकनीकी बारीकियों को समझाया। आसान लोन प्रक्रियाः एलडीएम (LDM) ऑफिस से आए श्री विनय कुमार गुप्ता ने उद्यमियों को बैंक से लोन लेने की सरल प्रक्रियाओं, आवश्यक लोन डॉक्यूमेंटेशन और वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाए।

# लखावटी में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम विधायक और ब्लाक प्रमुख ने दी जनता को सरकार की राहत भरी योजनाओं की जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** ब्लाक मुख्यालय लखावटी पर बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा और ब्लाक प्रमुख लखावटी ईश्वर पहलवान एडवोकेट ने जनसामान्य को विभिन्न सरकारी लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। विभिन्न विभागों ने भी स्टाल लगाकर अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई।




लखावटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अनूपशहर विधायक संजय शर्मा और ब्लाक प्रमुख लखावटी ईश्वर पहलवान एडवोकेट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। खंड विकास अधिकारी अजय पाल सिंह ने आगंतुक मुख्य अतिथि विधायक अनूपशहर संजय शर्मा और ब्लाक प्रमुख ईश्वर पहलवान एडवोकेट का बुके भेंट कर शाल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर भाव-भीना स्वागत सत्कार किया। अपने संबोधन में विधायक संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के सफलता पूर्वक बारह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जन जागरूकता अभियान पूरे देश प्रदेश में चलाया जा रहा है। भाजपा सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के निचले पायदान पर बैठे हर व्यक्ति तक पहुंचाना और उसका जीवन स्तर सुधारना है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन स्वयं चलकर जनता तक पहुंचा है। ग्रामीणों को अब अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सरकारी दफ्तरों के चक्कर पे चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। शासन प्रशासन का प्रयास जनता की समस्याओं को गांव, थाना और ब्लाक स्तर पर ही समाधान करना है।

ब्लाक प्रमुख ईश्वर पहलवान एडवोकेट ने कहा कि हम लखावटी ब्लाक के चहुंमुखी विकास और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के प्रति जागरूक और प्रतिबद्ध हैं।हर पीड़ित व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव समान रूप से न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर हैं।

इस अवसर पर ग्राम विकास, पंचायती राज,समाज कल्याण, स्वास्थ्य और यूनानी चिकित्सा,पशु चिकित्सा, रसद एवं खाद्य विभाग, बालविकास परियोजना आदि विभिन्न विभागों ने अपने स्टाल लगाए और उपस्थित लोगों को अपने विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ उठाने के तौर तरीके बताए।

बालविकास परियोजना अधिकारी द्वारा तीन सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को मुख्य अतिथि गणों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कराते हुए सम्मानित कराया गया। पंचायत सहायकों को भी सम्मानित किया गया तथा पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। तीन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की चाभी भैंट कर सम्मानित किया गया ।

चिकित्सकोंकी टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवायें वितरित की।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन सिंह ए डी ओ प्रवीण कुमार ए डी ओ पंचायत राजकुंवर पूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा सी डी पी ओ संगीता ,डा तहसीन रजा,डॉ निखत अफसाना, डॉ विनीत भारद्वाज, डॉ के पी सिंह, कविता निशा मुनेश सिरोही, डॉ मेहर आलम,

विभिन्न भाजपा नेता कार्यकर्ता अनेक ग्राम प्रधान गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

# मां-बेटे और देवर ने मिलकर की थी "मुरादाबाद के युवक की हत्या"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मां-बेटे और देवर ने मिलकर युवक की हत्या की थी। युवक से विधवा का प्रेम प्रसंग हत्या का सबब बना। हत्या के बाद आरोपितों ने शव को गांव से दूर खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामले का खुलासा किया।घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खंडिया गांव का है। मुरादाबाद के गांव दयानाथपुर थाना छजलैट निवासी मनोज (27 वर्ष) पुत्र धर्म सिंह का शव खंडिया गांव के पास एक खेत में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के सर पर ईंट मार कर हत्या की गई थी। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ शुरू कर दी थी। मृतक के स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने विधवा शरबती, उसके पुत्र सागर और देवर हरिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दो आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। आरोपितों ने युवक की हत्या विधवा से प्रेम प्रसंग के चलते की थी। जैसे ही युवक खंडिया गांव आया। आरोपित ने रात किसी समय उसके सर पर ईंट मार कर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद चाचा भतीजे ने मिलकर शव को 200 मीटर दूर खेत में जाकर फेंक दिया। पुलिस ने दो आरोपित विधवा और उसके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरे आरोपित की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# नीट परीक्षा से 72 घंटे पहले साजिश के तहत राहुल गांधी छात्रों में फैला रहे भ्रम और तनावः सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोटा में प्रस्तावित छात्र प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी पर नीट परीक्षा से पहले छात्रों के बीच भ्रम और तनाव पैदा करने का आरोप लगाया है। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सिर्फ 3 दिन बाद फिर से नीट की परीक्षा होगी। एक तरफ सारे छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। सरकार ने पूरी सतर्कता के साथ इस प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए कमर कसी है। जहां सरकार संवेदनशीलता से काम कर रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और नेता विपक्ष राहुल गांधी कुटिलता का प्रयोग करते दिखाई पड़ रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि परीक्षा से पहले अंतिम 72 घंटे, जिस समय छात्र तनावमुक्त होकर तैयारी करना चाहता है, उस समय



आप इस प्रकार का आयोजन करके उनके मन में भय, तनाव और उत्तेजना उत्पन्न करके मानसिक यातना क्यों देना चाह रहे हैं? राजनीति करने के बहुत अवसर मिलेंगे। आप इन्हीं 72 घंटों में राजनीति क्यों करना चाह रहे हैं? सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह समय छात्रों के लिए पूरी तरह से अपनी परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का है। ऐसे समय में छात्रों का ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों की जा रही है। साथ ही छात्रों को रैली में बुलाने के लिए जिस तरह के तौर-तरीके अपनाए जा रहे हैं, उन पर भी सवालिया निशान है।

## हड़ताल | अधिवक्ता और बैनामा लेखकों के हित की पूर्ण सुरक्षा होने तक संघर्ष रहेगा जारीः राजीव तोमर

# प्रस्ताव वापस लेने तक हड़ताल जारी रहेगीः विनोद शिशोदिया बार अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**धौलाना।** तहसील धौलाना के अधिवक्ताओं बैनामा लेखक और स्टाम्प विक्रेताओं ने उप निबंधक कार्यालय के स्थान पर फ्रंट कार्यालय संचालित किए जाने के विरोध में आज बुधवार को आठवें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखते हुए धरना दिया । इस

दौरान अधिवक्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि राज्य सरकार के प्रस्ताव वापस लेने तक धौलाना के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्यों के साथ-साथ दस्तावेज लेखन कार्यों से भी पूर्ण रूप से विरत रहेंगे। और संघर्ष जारी रखेंगे । धौलाना बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने बताया कि शासन के आये नए आदेश से पूरे प्रदेश की पुरानी पारंपरिक न्यायिक व रजिस्ट्री प्रक्रियाओं पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जिसमें अधिवक्ताओं सहित बैनामा लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं सहित इससे जुड़े लोगों के व्यवसाय पर असर होगा और आम जनता को भी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव तोमर ने कहा कि प्रदेश के काफी जनपदों में अधिवक्ता भी अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। शासन के नए निर्णय से हर कोई प्रभावित होगा । जो उचित प्रक्रिया नहीं है। धौलाना में भी आंदोलन जारी रहेगा । जब तक सरकार इस प्रस्ताव को वापस नहीं लेती, तब तक तहसील धौलाना के समस्त अधिवक्ता, बैनामा लेखक, न्यायिक कार्यों के साथ-साथ दस्तावेज लेखन कार्यों से भी पूर्ण रूप से विरत रहेंगे। अपने हितों को सुरक्षित करने के लिये संघर्ष जारी रहेगा। चाहे आंदोलन का स्वरूप कितना ही वृहत हो जाए ।प्रदर्शन के दौरान पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमर पाल सिंह राणा, अनिल यादव, राजीव शर्मा, हरेन्द्र सिंह, सौरभ तोमर, तमकीन अहमद, तनवीर अहमद, मो अकरम, सुरेन्द्र शर्मा, सुनील कुमार, अखिलेश शर्मा, सचिन शर्मा, मोहित शर्मा, शाहरुख खान, सोमपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश राणा, सतीश राणा, राहुल राणा, मुनेश राणा,

अरविंद वर्मा, मो फईम, रामप्रकाश राणा देवेन्द्र सिंह, नीरज प्रजापति, रामकिशन राणा, सुभाष शर्मा, राजीव शिशोदिया, सुनील सिवाया, पवन राणा आदि सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता बैनामा लेखक स्टाम्प विक्रेताओं उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267